रांची, शुक्रवार | 01 अगस्त 2025 | वर्ष-26, अंक- 180, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का वीर भूमि झारखण्ड में
अभिनंदन और
जोहार

दिनांक: 31 जुलाई और 1 अगस्त 2025



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 358699 (IPRD) 2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### देवघर एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कहा

# चिकित्सा मात्र करियर नहीं सेवा और नैतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है

नवीन मेल संवाददाता



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में आयोजित देवघर एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा कि श्रावणी मास की इस पुण्य बेला में बाबानगरी देवघर में उनका आगमन सम्पूर्ण राज्यवासियों के लिए हर्ष एवं उत्साह का विषय है। उन्होंने कहा कि देवघर केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष की आस्था का प्रमुख केंद्र है। राष्ट्रपति का आगमन इस अवसर को और भी ऐतिहासिक तथा स्मरणीय बना देता है।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति के झारखंड के राज्यपाल के रूप में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सादगी, मृदु स्वभाव एवं जनसरोकारों के प्रति समर्पण ने उन्हें झारखंडवासियों के हृदय में विशिष्ट स्थान दिलाया है। उन्होंने राष्ट्रपति को देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में राज्यपाल ने कहा कि यह केवल एक शैक्षणिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक नई सामाजिक जिम्मेदारी के आरंभ का क्षण है। उन्होंने नवस्नातकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिकित्सा का मार्ग मात्र एक करियर का चयन नहीं है, बल्कि संवेदना, सेवा और नैतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने एम्स, देवघर की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार प्रकट किया और कहा कि यह संस्थान न केवल झारखंड, बल्कि बिहार और बंगाल जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन चुका है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना से जुड़ा हुआ कदम बताया।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने श्वेत कोट को केवल वर्दी न समझें, बल्कि उसे विश्वास, करुणा और सेवा का प्रतीक मानें। हर रोगी केवल बीमारी ही नहीं, बल्कि अपनी उम्मीदें और बीमारियों के प्रति भय भी लेकर चिकित्सक के पास आता है, इसलिए उनके साथ संवेदनशीलता और सम्मान का व्यवहार ही चिकित्सा व्यवस्था की आत्मा है।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका प्रयास यही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति तभी सार्थक है जब उसका उपयोग जनकल्याण के लिए हो। उन्होंने उपाधिधारकों से 'विकसित भारत 2047' के निर्माण में भागीदारी का आह्वान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रपति का राज्यपाल ने किया स्वागत

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथधाम एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन पर उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि श्रावणी माह की इस पुण्य बेला में राष्ट्रपति का देवघर आगमन सम्पूर्ण राज्यवासियों के लिए हर्ष का विषय है। राज्यपाल ने कहा कि देवघर केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष की आस्था का प्रमुख केंद्र है। श्रावण मास के दौरान विशेष रूप से देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए आते हैं।

## राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल ने किया स्वागत



रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के राजभवन आगमन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि आपके आगमन से संपूर्ण राज भवन परिवार हर्ष एवं उत्साह से अभिभूत है। इसके पश्चात राज्यपाल ने राष्ट्रपति से भेंट के क्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने मौके पर राष्ट्रपति को राज भवन द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' (फरवरी, 2025-जुलाई,2025) की प्रथम प्रति भेंट की। इस पत्रिका के प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी हैं। उल्लेखनीय है कि आज ही के दिन राज्यपाल का झारखंड के राज्यपाल के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ। पत्रिका का यह अंक राज भवन की गतिविधियों, पहलों एवं प्रयासों का संकलन है। राज भवन पत्रिका राज्यपाल महोदय की जनता के प्रति संवेदनशीलता, उच्च शिक्षा में सुधार हेतु प्रतिबद्धता और जन-कल्याण की दिशा में निरंतर प्रयासों की झलक प्रस्तुत करती है। उन्होंने राज भवन को 'आमजन के हितों के रक्षक' के रूप में प्रतिष्ठित किया है तथा राज भवन जन संवाद, समाधान और सेवा का केंद्र बनाने की दिशा में सक्रिय रहते हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर राष्ट्रपति को एक स्मृति-चिह्न भी भेंट किया।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

नवीन मेल संवाददाता


● अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति करने की मांग

रांची। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं राज्य में अनुसूचित जाति समाज पर हो रहे लगातार अत्याचारों के निवारण के लिए मांग-पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने समाज की समस्याओं को गंभीरता से रखते हुए कई अहम सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। ज्ञापन में झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की शीघ्र नियुक्ति की जाए। अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम का गठन किया जाए। अनुसूचित जाति समाज के लिए परामर्शदात्री परिषद का गठन किया जाए। रांची नगर निगम में महापौर पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया जाए। राज्य के प्रत्येक जिले में अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण कराया जाए। 6. अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी छात्रों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग एवं अवसर दिया जाए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा झारखंड विधानसभा परिसर और रांची हाईकोर्ट में स्थापित की जाए। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में भाजपा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें चतरा जिला मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा नेता अरविंद सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज दास, प्रदेश मंत्री राजीव राजलाल एवं विनोद कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, प्रदेश प्रवक्ता संदीप कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी एवं अभिषेक राज आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## बालाश्रय बालगृह के आठ बच्चों का आधार पंजीकरण

रांची। नालसा द्वारा संचालित 'साथी अभियान के अंतर्गत रांची स्थित बालाश्रय बालगृह के 8 बच्चों का आधार पंजीकरण किया गया। यह कार्य गुरुवार को झालसा के निर्देश और डालसा रांची के अध्यक्ष-सह-न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में संपन्न हुआ। इस कार्य में समीर की टीम और पीएलवी बरखा कुजूर ने सहयोग किया। डालसा सचिव ने बताया कि 'साथी अभियान का उद्देश्य बेसहारा, निराश्रित और आश्रयविहीन 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक विधिक एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आधार पंजीकरण के माध्यम से बच्चों को पहचान दिलाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

# नए प्रभारी कुलपति का छात्र संगठनों ने किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची विवि के नए प्रभारी कुलपति प्रो. डीके सिंह ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अबुआ अधिकार मंच के रांची विवि संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कुलपति का अभिनंदन करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र सुविधाओं के विस्तार और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं। श्री शुक्ला ने कहा कि नए कुलपति के नेतृत्व में विवि में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है। विवि में विकास, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण तथा छात्र हितों के संरक्षण के लिए मंच पूरी तरह से सहयोग करेगा। प्रभारी कुलपति प्रो. डीके सिंह ने अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, "छात्र विवि की सबसे महत्वपूर्ण धुरी हैं। उनका सर्वांगीण विकास और उनकी समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से बिपिन कुमार यादव, विक्रम कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, राहुल, सुदीप, ऋषभ, दिवाकर, अर्जुन, समेत, रोशन साहू, राजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मॉनसून सत्र



रांची। डॉ श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायक गणों की हुई बैठक में 1 अगस्त से 7 अगस्त, 2025 तक आहूत षष्टम झारखंड विधानसभा के तृतीय सत्र (मॉनसून सत्र) के मद्देनज़र हुआ विचार- विमर्श।

# पांच अगस्त तक राज्य के कई जिलों में होगी बारिश

● येलो अलर्ट जारी वज्रपात की संभावना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय है। मौसम विभाग ने झारखंड के उत्तरी-मध्य और उत्तर-पूर्वी भागों के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। शुक्रवार को हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर और दुमका जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के साथ साथ वर्षा और वज्रपात होने की भी संभावना है। मॉनसून ट्रफ अभी राजधानी रांची से गुजर रहा है, जिसकी वजह से राज्य में बारिश जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश में चक्रवात बना हुआ है, जिससे आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग रांची के अनुसार राजधानी रांची में शुक्रवार को आसमान में बादल छाये रहेंगे और दो बार या इससे अधिक बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। रांची का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है।

**सामान्य से 50 फीसदी अधिक हो चुकी झारखंड में बारिश :** वहीं, गुरुवार यानी 31 जुलाई 2025 तक का मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार झारखंड में मॉनसून के इस सीजन में अब तक 508.2 मिलीमीटर की बजाय 760.7 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 50 फीसदी अधिक है।

# जल जीवन मिशन की रफ्तार थमी गिरिडीह के हजारों गांव आज भी प्यासे : चंद्र प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता



रांची। गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने गुरुवार को लोकसभा मे पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में प्राप्त उत्तर में झारखंड की राज्य सरकार की नल से जल योजना में पूरे देश भर में सबसे पीछे होने पर चिंता जाहिर की और झारखंड सरकार पर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवंटित हजारों करोड़ की राशि का लगभग आधा हिस्सा आज भी खर्च नहीं हुआ, जिससे झारखंड के करोड़ों ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2019-25 के दौरान झारखंड को 12,982 करोड़ का आवंटन किया। झारखंड सरकार ने अब तक केवल 6,010 करोड़ (46.30 प्रतिशत) राशि का ही आहरण किया। यानि लगभग 7,000 करोड़ की राशि आज भी अव्यवहृत है। वर्ष 2019 में केवल 3.45 लाख (5.52 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों को नल जल की सुविधा थी। वर्ष 2025 तक यह संख्या 34.42 लाख (55.0 प्रतिशत) तक ही पहुंच पाई है। यानि 45 प्रतिशत ग्रामीण अब भी वंचित हैं। पूरे देश में झारखंड नल से जल पहुंचाने में सबसे पीछे है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह, गुमला, लातेहार जैसे वामपंथ प्रभावित जिलों में भी सिर्फ 70 प्रतिशत परिवारों को ही कनेक्शन मिल पाया है।उन्होंने कहा कि "केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता और भारी बजट आवंटन के बावजूद झारखंड सरकार की लापरवाही से गिरिडीह और राज्य के अन्य जिलों में मिशन की प्रगति बेहद धीमी है। जिन इलाकों में आदिवासी और अनुसूचित जाति बहुल आबादी है, वहां आज भी लोग गंदे तालाबों और हैंडपंपों पर निर्भर हैं। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि सामाजिक अन्याय भी है।" "जल जीवन मिशन सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की गरिमा से जुड़ा संकल्प है। उन्होंने झारखंड सरकार से लंबित फंड का तुरंत उपयोग करने और सभी गांवों में नल जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और गांव स्तर पर जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और पंचायतों को निगरानी में शामिल करने की मांग की।

# रांची रेलवे स्टेशन से गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

रांची। कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार पोस्ट कमांडर रांची के नेतृत्व में रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। शाम में प्लेटफॉर्म संख्या 1ए पर एक संदिग्ध व्यक्ति भारी पिट्ठू बैग के साथ बैठा मिला। पूछताछ करने पर वह भागने लगा और अपना बैग वहीं छोड़ दिया। तत्परता दिखाते हुए आरपीएफ टीम ने उसे ट्रैक पर पकड़ लिया और पुनः घटना स्थल पर लाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम भूपेश कुमार, उम्र 37 वर्ष पता बिहार बताया। उसने स्वीकार किया कि उसके बैग में गांजा है, जिसे भूरे रंग के प्लास्टिक में लपेटकर रखा गया है। तत्काल सूचना एएसस/ आरपीएफ रांची को दी गई। निर्देशानुसार भूपेश कुमार की व्यक्तिगत तलाशी ली गई और बैग की जांच की गई। बैग से कुल 06 पैकेट गांजा बरामद हुआ, जिन्हें ए1 से ए6 तक चिन्हित किया गया। डीडी किट से परीक्षण में गांजा की पुष्टि हुई। आरोपी किसी भी वैध दस्तावेज को प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने बताया कि यह गांजा उसने संभलपुर से खरीदा था और मौर्य एक्सप्रेस (15027) से रांची आया था और पटना जाने की योजना थी। सभी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर बरामद गांजा व आरोपी को जीआरपीएस रांची को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंपा गया।

# भैरव सिंह को झूठे मामले में फंसाया, सीबीआई जांच हो : परिजन

● भैरव सिंह की मां ने पुलिस पर लगाया आरोप, पुलिस से है भैरव सिंह को खतरा

नवीन मेल संवाददाता



रांची। प्रेस क्लब में गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह को झूठे केस में जिला प्रशासन द्वारा फंसाने के संबंध में भैरव सिंह के समर्थक और परिवारजनों के द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। जिसमें स्वामी दिव्यानंद महाराज, भैरव सिंह की माता रानी देवी और भैरव सिंह के अधिवक्ता कीर्ति नारायण सिंह ने कहा की भैरव सिंह को प्रशासन द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा है और झूठे आरोपों में जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा इससे भी शासन का मन नहीं भरा तो प्रशासन पर दबाव डालकर झूठे केस भैरव सिंह पर डाल दिया जा रहा है। भैरव सिंह की मां रानी देवी ने कहा रांची पुलिस भैरव सिंह के ऊपर सरकार के इशारे पर एक तरफा कार्रवाई कर रही है। टेंडर विवाद मामले में भैरव सिंह को जेल भेजा गया है। मामले में भैरव सिंह ने 30 मई को आईजी के यहां आवेदन दिया था कि सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जाए जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि किन लोगों ने शिकायतकर्ता अमन चंद्र के साथ मारपीट की है। परंतु इसकी कोई जांच नहीं हुई। इसके दो महीने बाद जब भैरव सिंह लव जिहाद के 13 साल की बच्ची के मामले में पंडरा थाना पहुंचे तो उन्हें उसी वक्त अचानक गिरफ्तार कर लिया गया। 19 जुलाई को उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, उनका कहना है 25 जुलाई को रांची के ग्रामीण क्षेत्र टेंडर गांव में एक युवती के ऊपर पेट्रोल फेंका गया। उसके पश्चात कल अचानक उसे युवती के प्रेमी गणेश सिंह को पुलिस पड़कर जेल भेज देती है और रांची के एसपी बयान देते हैं कि भैरव सिंह ने युवती के ऊपर पेट्रोल फेकवाया है जबकि प्रशासन ने 19 तारीख को भैरव सिंह को जेल भेज दिया था एक झूठे मुकदमे में। इस पूरी घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

## हिंदूवादी नेताओं को झूठे मुकदमे में जेल भेजा जा रहा है : बाबूलाल



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार अपने विरोधियों, विशेषकर हिंदू समाज से जुड़े लोगों को साजिश के तहत फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का प्रयास करती रही है। कहा कि पिछले साढ़े पांच वर्षों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां निर्दोष लोगों को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है। कहा कि राज्य सरकार इसी कड़ी में एक बार फिर रांची के युवा भैरव सिंह को एक नए फर्जी मुकदमे में फंसाने की तैयारी की जा रही है। भैरव सिंह से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत हो रहे हैं। कहा कि सरकार के इशारे पर षड्यंत्र करने वाले पुलिस अधिकारी कान खोलकर सुन लें कि आम जनता को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजना जितना आसान है, उसे न्यायालय में साबित करना उतना ही मुश्किल है। कहा कि बेहतर होगा कि कानूनी दुष्परिणाम भुगतने से पहले ही लोगों को फंसाने से परहेज किया जाए। कहा कि झारखंड की जनता कानून का सम्मान करती है और न्यायप्रिय है। जनता मुख्यमंत्री की तरह ग़लत काम करने और मुकदमेबाजी में न निपुण है, और न ही मंहगे वकीलों के दम पर जांच एजेंसियों की जांच को लटकाने-भटकाने का प्रयास करती हैं। कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह है कि पूर्वाग्रह छोड़कर इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें और राज्य के युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से बचाएं।

# यूएई के अवर सचिव लेफ्टिनेंट जनरल संजय सेठ से मिले



रांची। रक्षा मंत्रालय, संयुक्त अरब अमीरात के अवर सचिव लेफ्टिनेंट जनरल इब्राहिम नासिर एम. अल अलावी से साउथ ब्लॉक, रक्षा मंत्रालय में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। भारत और यूएई के बीच हुई सफल और उत्पादक जेडीसीसी चर्चाओं के बारे में बातचीत हुई। इसका उद्देश्य भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है।

# कुवैत में मृत प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो का पार्थिव शरीर पहुंचा रांची


● जिला प्रशासन ने पार्थिव शरीर को हजारीबाग तक ले जाने के लिए की गई एम्बुलेंस की व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभागके अधीन संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की तत्पर पहल से कुवैत में कार्यरत दिवंगत प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो के पार्थिव शरीर की भारत वापसी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। मालूम हो कि हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंडखरो निवासी श्री महतो विगत 12 वर्षों से मेसर्स आईएमसीओ इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी, कुवैत में कार्यरत थे। 15 जून 2025 को कुवैत में उनका आकस्मिक निधन हृदय एवं श्वसन गति रुकने के कारण हुआ। श्री महतो की पत्नी प्रमिला देवी ने 19 जून 2025 को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को उनके दिवंगत पति के पार्थिव शरीर को झारखंड लाने का अनुरोध किया गया था। 28 जुलाई को कंपनी द्वारा आवश्यक प्रक्रिया आरंभ की गई और गुरुवार 31 जुलाई को पार्थिव शरीर भारत लाया गया जिसे अपराह्न 3:45 बजे रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शव को मृतक के पुत्र किशोर महतो एवं अखिलेश कुमार को दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा पार्थिव शरीर को मृतक के गृह जिले हजारीबाग तक ले जाने के लए एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# सरना झंडा को लेकर दो आदिवासी समुदाय आपस में उलझे

● पुलिस ने मामले को शांत कराया

नवीन मेल संवाददाता



## दो आदिवासी समुदाय आमने सामने

कोकर समाधि स्थल के सामने केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के गुट के सैकड़ों लोग जमीन बचाने के लिए सरना झंडा स्थापित करने पहुंचे। वहीं इसके विरोध में जेएलकेएम नेता निशा भगत, सोमा उरांव, मेघा उरांव समेत दर्जनों आदिवासी संगठनों के लोग सरना झंडा स्थापना का विरोध कर रहे हैं। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। निशा भगत ने कहा कि सरना झंडा पूजा स्थलों पर ही लगाया जाना चाहिए।

रांची। सरना झंडा की स्थापना को लेकर रांची में आदिवासी समाज के बीच गुरुवार को आरोप प्रत्यारोपण का सिलसिला जारी रहा। बिरसा मुंडा समाधि स्थल के सामने दो पक्ष आमने-सामने हो गए। एक पक्ष इसे पारंपरिक आस्था और जमीन की रक्षा से जोड़ रहा है, जबकि दुसरे पक्ष का कहना है कि यह झूठी आस्था के नाम पर जमीन कब्जा करने की साजिश है।

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की पर झंडा गाड़ने और समाज में फूट डालने के आरोप लगे हैं। निशा भगत ने सीधे तौर पर तिर्की को दलाली करने वाला बताते हुए कहा कि झंडा का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झंडा पारंपरिक पुजारी के हाथों ही स्थापित होना चाहिए, न कि किसी दलाल के माध्यम से सोमा उरांव ने झंडा के गलत इस्तेमाल की बात उठाते हुए कहा कि पूजा स्थलों पर श्रद्धा (सरना) के लिए झंडा लगाया जाता है, लेकिन अब कुछ लोग इसे जमीन कब्जाने के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं उन्होंने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जबकि अजय तिर्की का कहना है कि ईसाई और सरना परिवार वर्षों से मिल जुलकर रह रहे हैं। झंडा इसलिए लगाया जा रहा है, ताकि बिल्डर माफिया जमीन पर कब्जा न कर सकें इसकी शिकायत थाना में भी दी गई है अरगोड़ा मौजा के पाहन शिबू पाहन ने दावा किया कि बिना शुद्धिकरण के झंडा उखाड़ा गया है, जो परंपरा के खिलाफ है स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका परिवार पीढ़ियों से उसी जमीन पर रह रहा है और अब जमीन बचाने के लिए ही झंडा स्थापित किया गया है।

श्रावण शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 27.0° न्यून. 23.0°
रांची: अधिक. 29.0° न्यून. 23.0°

रांची, शुक्रवार
01 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-180, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर










## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ नारी शक्ति व सम्मान का प्रतीक

राष्ट्रीय नवीन मेल




**मनीषा सहाय सुमन**

ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत की एक शसक्त निर्भीक और निर्णायक लड़ाई है। जिसने भारत की सैन्य शक्ति जल ,थल ,वायू के साहस और सामर्थ्य का परिचय विश्व को देते हुए , पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि, “भारतीय सेना केवल भारत भूमी की रक्षा ही नही बल्कि भारत के हर व्यक्ति के सम्मान व सुरक्षा की प्रतिबद्धता का वचन देती है। इस ऑपरेशन ने विश्व पटल पर भारत की भूमिका आतंकवाद को लेकर स्पष्ट कर दी है। जिस भूमी से भारत के लिये आतंक की साजिश रची जाएगी ,उस देश में घुसकर हम उसका सर्वनाश कर देंगे। यह नया भारत है जो किसी की भी गीदड़ भभकी और न्युकलियर ब्लेकमेल से नही डरेगा। जब तक वह सोंचगे तब तक हमारी भारतीय सैना उनके सैन्य या न्युकलियर ठिकानों को तबाह करने में सक्षम है। इस प्रकरण में पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित आतंकवाद और वहां की सरकार की संदिग्ध भूमिका किसी से छुपी नही है। भारत किसी भी पड़ोसी देश की भूमी से किये गये आतंकी हमले को अपनी संप्रभुता पर किया गया हमला मानेगा और इसी क्रम में दिनांक 6 और 7 मई को पूरी दुनिया ने नये भारत का स्वर्णिम उदय देखा। हमारी सेना ने पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादी कैंप, ट्रेनिग सेंटर पर सटीक प्रहार करते हुए ,यह संदेश दुनिया के दिया कि, “अब भारत आतंकवाद पर

शेष पेज 9 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

# डॉक्टर चिकित्सकीय दक्षता हासिल करने के साथ संवेदनशील इंसान बनें

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को झारखंड के देवघर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉक्टरों का आह्वान किया कि वे चिकित्सकीय दक्षता हासिल करने के साथ संवेदनशील इंसान बनें।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस बात की गारंटी मानी जाती है कि एम्स जैसे संस्थान से मेडिकल की डिग्री हासिल करने वाले कुशल डॉक्टर बनते हैं। डिग्री लेने वाले छात्रों को संकल्प लेना चाहिए कि एक डॉक्टर के रूप में मरीजों और उनके परिजनों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहेंगे। डॉक्टरों को केवल क्लिनिकल स्किल्स तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनमें सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और संवेदनशील संवाद की क्षमता भी होनी चाहिए।

दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले 48 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। राष्ट्रपति ने इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार छात्रों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक सहित एक छात्र को रैंक के आधार पर विशेष डिग्री प्रदान की। राष्ट्रपति ने कहा, “डॉक्टरों को समाज में ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता है। कुछ डॉक्टर ऐसे होते हैं जिनसे परामर्श के बाद मरीज और उनके परिजन बेहतर महसूस करते हैं। आपके पास अनगिनत लोगों के जीवन को छूने और उजाले से भरने की शक्ति होती है। उन्होंने एम्स देवघर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि संस्थान ने पांच आदिवासी गांवों को गोद लिया है। “यह दायरा और बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उन तक भी पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है।” राष्ट्रपति ने अपने झारखंड और एम्स देवघर से विशेष जुड़ाव को याद करते हुए कहा, “यह मेरा परम सौभाग्य है कि भगवान शंकर की असीम अनुकंपा से मुझे फिर देवघर आने का अवसर मिला। 2018 में जब एम्स का शिलान्यास हुआ था, तब मैं राज्यपाल के रूप में उपस्थित थी, और आज, बतौर राष्ट्रपति, पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होना मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है। श्रावणी मेले के दौरान इस समारोह के आयोजन को उन्होंने “ईश्वर की कृपा”

शेष पेज 9 पर




## रांची पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सीएम हेमंत सोरेन ने किया स्वागत

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजभवन पहुंची जहां रात्रि विश्राम किया
- आज आईआईटी-आईएसएम के 45 वें दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रपति को मुख्यमंत्री की ओर से पुष्पगुच्छ के साथ प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया। रांची एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजभवन पहुंच गईं हैं,

शेष पेज 9 पर



### सुबह 9.30 बजे धनबाद के लिए रवाना होगी राष्ट्रपति

रात्रि विश्राम के बाद राष्ट्रपति शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे, राजभवन से धनबाद के लिए रांची एयरपोर्ट से रवाना होंगी। जानकारी के मुताबिक, सुबह 10 बजे रांची एयरपोर्ट से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेंगी। फिर 11.40 बजे दुर्गापुर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राष्ट्रपति धनबाद एयरपोर्ट पहुंचेगी। यहां दोपहर 12 बजे वह धनबाद के आईआईटी-आईएसएम कैंपस पहुंचेगी। यहां गोल्ड मेडलिस्ट 33 छात्रों, मेंबर्स और सिनेटर्स के साथ फोटो सेशन होगा।

शेष पेज 9 पर

## ट्रंप टैरिफ को लेकर बोले पीयूष गोयल

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए देश में उठाए जाएंगे सभी आवश्यक कदम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत की ओर से अन्य देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत करते समय राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री गोयल की ओर से यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा के बाद कही गई है। संसद को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति की “डेड इकोनॉमी” वाली टिप्पणी को भी खारिज करते हुए कहा कि भारत 10 वर्षों में 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री के अनुसार, इंटरनेशनल एजेंसी भारत को विश्व अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में देखती हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, “भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। हम और अधिक देशों के साथ ऐसे एफटीए हासिल करना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भारत अपने सुधारों, एमएसएमई और उद्योग जगत के प्रयासों के माध्यम से वर्तमान में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, “हम अपने किसानों की सुरक्षा और उन्हें प्रमोट करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सरकार को विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने का विश्वास है। भारत आत्मविश्वास के साथ ‘मेक इन इंडिया’ की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री गोयल के अनुसार, भारत और अमेरिका ने एक पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर बातचीत करने का निर्णय लिया है, जिसे इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

शेष पेज 9 पर



### 25 फीसदी अमेरिकी टैरिफ आज से होगा लागू

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश आज (1 अगस्त) से प्रभावी होगा। इसी के साथ भारत से अमेरिका निर्यात किए जाने वाले अधिकतर उत्पादों का वहां महंगा होना तय है। माना जा रहा है कि इससे भारतीय निर्यातकों को झटका लग सकता है, क्योंकि अमेरिका भारतीय उत्पादों का बड़ा खरीदार है और अगर भारत से भेजे जाने वाले सामान पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ जाता है तो वहां नागरिक भारतीय उत्पादों की जगह दूसरे देशों से कम

शेष पेज 9 पर

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

- स्पीकर ने सभी दलों से सदन के संचालन में सहयोग की अपील की

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज 1 अगस्त से शुरू हो रहा है। सत्र को सुचारु और व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को विधानसभा में सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत सभी प्रमुख दलों के नेता और प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सत्र के दौरान जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंच है, जहां जनता की उम्मीदों की आवाज बुलंद होनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सभी दलों से सदन की गरिमा बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की।

शेष पेज 9 पर

## 20 लाख रुपए घूस लेते पकड़ी गई महिला सब इंस्पेक्टर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में



एक महिला सब-इंस्पेक्टर नीतू बिष्ट को 20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में तुरंत केस दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच की जिम्मेदारी विजिलेंस विभाग को सौंपी गई है। फिलहाल एसआई नीतू बिष्ट हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। विजिलेंस टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## झारखंड को मिली बड़ी सौगात

# डांगोपोसी-जारोली रेल लाइन की मंजूरी से खुलेगा रोजगार का रास्ता

**उदय चंद्र सिंह**



**रांची।** झारखंड के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन साबित हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने झारखंड से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रेल परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना के तहत डांगोपोसी से जारोली तक तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाई जाएगी, जिसकी कुल अनुमानित लागत 2,491 करोड़ रुपए है।

यह परियोजना झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले को सीधे प्रभावित करेगी और राज्य की औद्योगिक और खनिज आधारित गतिविधियों को नई गति देगी। डांगोपोसी क्षेत्र लौह अयस्क खनन और भारी माल ढुलाई के लिए जाना जाता है, और अब इस नई लाइन के जरिए माल परिवहन अधिक तेज, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल हो सकेगा। डांगोपोसी-जारोली सेक्शन की मौजूदा दोहरी लाइन में अब तीसरी और चौथी लाइन जुड़ने से ट्रैफिक दबाव कम होगा और परिचालन क्षमता में भारी इजाफा होगा। इस परियोजना से मालगाड़ियों के संचालन में सुगमता आएगी, जिससे क्षेत्र के खनिज, कोयला और अन्य उत्पादों की ढुलाई में तेजी आएगी।

पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत बनी यह योजना मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और स्थानीय उद्योगों को लाभ होगा। इस परियोजना के साथ ही देशभर की जिन चार परियोजनाओं को आज मंजूरी दी गई है, वे कुल मिलाकर लगभग 11,169 करोड़ रुपये की हैं

शेष पेज 9 पर

## इंडिया

# सड़कों पर अवैध दुकानें बन रहीं हैं पलायन और रोड रेज का कारण



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड ही नहीं देश की बड़ी समस्या सडकों पर कब्जा कर लगने वाली दुकानें है जो न सिर्फ ट्रैफिक को बाधित करती हैं बल्कि उस जगह की पहचान को भी बिगाड़ती हैं। अक्सर इसे बेरोजगारी से जोड़ा जाता है और जब इन अवैध दुकानदारों को हटाया जाता है तो वे पुनर्वास की मांग करते हैं और रांची में ओवरब्रिज के नीचे गांधी मार्केट,कचहरी रोड में अटल वेंडर के बाद लालपुर और मोराबादी में करोड़ों की लागत से वेंडर मार्केट बनवाए गए पर समस्या का अंत नहीं हुआ क्योंकि सडकों पर दुकान लगाने की प्रवृति पर रोक नहीं लगी । जाम के लिए कुख्यात रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर बनने के बाद जाम से तो मुक्ति मिली पर फिर उसके इर्द गिर्द नए दुकानदारों ने कब्जा करना शुरू कर दिया है जबकि पडोसी ओडिशा में या दक्षिण के अनेक राज्यों सहित देश के अनेक स्वच्छ शहरों में इन्हें शुरू में ही रोक दिया जाता है। विदेशों में जहां आबादी कम है वहां से लेकर भारत के अच्छे शहरों में बहुत ही करीने से सजी दुकानें और सड़कें एक व्यवस्थित शहर या देश के रूप में हमारे ही देशवासियों को आकर्षित करती हैं और वे पढ़ाई या नौकरी के बाद वापस भारत नहीं लौटना चाहते क्योंकि सडकों के किनारे लगीं दुकानें और बेतरतीब भीड़ न सिर्फ समय बर्बाद करतीं हैं बल्कि झुंझलाहट भी पैदा करती हैं जिससे सडकों पर लड़ाई करना या उलझना आम बात है जिससे आज की युवा पीढ़ी बचना चाहती है ।राजधानी दिल्ली में हॉर्न बजाने को लेकर मारपीट हो गई और कुछ वर्षों



में भारत में ‘रोड रेज’ की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। केंद्रीय सड़क एंव परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मार्च 2022 में संसद में बताया था कि साल 2019 में देश में ‘रोड रेज’ और लापरवाही से गाड़ी चलाने के डेढ़ लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे। 2020 में इनकी संख्या बढ़कर 1,83,000 हजार पर पहुंच गई थी। साल 2021 में इन मामलों की संख्या और ज्यादा बढ़कर 2,15,000 हजार हो गई।

सड़क पर वाहन चलाते समय कोई गलत मोड़ लेने पर या टक्कर होने पर लोग आक्रामक हो जाते हैं इसके अलावा, दूसरे चालकों से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना भी झगड़े की वजह बन जाता है ।यातायात नियम तोड़ना, गलत तरीके से ओवरटेकिंग करना, गलत साइड में गाड़ी चलाना, लगातार हॉर्न बजाना भी कई वाहन चालकों को परेशान कर देता है और वे हिंसक हो जाते हैं। इसके अलावा, अगर वाहन चालक किसी और कारण से तनाव में है या नशे की हालत में हैं तो रोड रेज होने की संभावना और भी बढ़ जाती है।

# किशोरी यादव चौक और एलिवेटेड कॉरिडोर के पास बीच सड़क पर होती है पार्किंग

**काजल मेहता। रांची**

राजधानी रांची स्थित नागाबाबा खटाल के जाम से कचहरी के तरफ से आने वाले और रातू रोड चौक की तरफ से जाने वाले परेशान हैं। नागा बाबा खटाल के पास वाहन पड़ाव स जी मार्केट के अंदर थी हालांकि अब उसी परिसर में मंदिर के सामने भी पार्किंग के लिए जगह बना दी गई है जिससे लोग वाहनों को वहां लगा सकते हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित की है। हालांकि ऑटो चालकों की स्थिति अभी भी वही है। नो पार्किंग बोर्ड के पास ही ऑटो चालक ऑटो लगाकर यात्री बैठते हैं। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उस जगह पर अभी तक चालान अफसर की तैनाती नहीं की गई है और ना ही हैंड चालान मशीन दी गई है। जिससे वहां ऑटो चालक मनमाने ढंग से ऑटो खड़ा करते हैं।



नागा बाबा खटाल के पास पार्किंग के लिए बढ़ाई गई जगह


● बसों को किशोरी यादव चौक पर लगाने की मनाही के बाद भी हाल वही

किशोरी यादव चौक पर मिनी बसों को लगाने के लिए कोई आधिकारिक आदेश नहीं

## अधिकारियों की भी नहीं सुन रहे मिनी बस चालक

दूसरी तरफ किशोरी यादव चौक पर भी जाम से पूरा सड़क परेशान रहता है। यहां जाम लगने का सबसे बड़ा कारण है मिनी बसों का लगना। इस विषय पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने पहले भी डीटीओ से सवाल किए थे, तब डीटीओ ने आश्वस्त किया था कि जांच की जाएगी लेकिन अभी भी मिनी बसों को उसी प्रकार लगाया जा रहा है। गुरुवार को डीटीओ अखिलेश से मिनी बसों के मुद्दे पर फिर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कार्रवाई की जा रही है। बसों की परमिट मांगी गई है जिसे देखने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उनका यह भी कहना है कि इन बसों के लिए पहले जब स्टैंड हुआ करता था तब बसें वहां लगती थी। लेकिन अभी वहां बसों को लगाने की कोई अधिकारिक इजाजत नहीं है। उनका कहना है इसकी जांच की जाएगी उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक परमिट की जांच ना हो जाए तब तक के लिए बसों को वहां लगाने पर मनाही है।




## 17 जुलाई को किया था निरीक्षण पर नहीं हुई कार्रवाई

17 जुलाई को डीटीओ अखिलेश ने कहा था कि मामले में टीम के द्वारा जायजा लिया गया है। उन्होंने कहा बसों को किशोरी यादव चौक पर लगाने के की इजाजत नहीं है। वहीं उन्होंने कहा संबंधित चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस से भी बातचीत कर कहा गया है कि वहां बसों को ना लगाया जाए। फिलहाल डीटीओके द्वारा मिली जानकारी के अनुसार टीम के द्वारा जायजा लेने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


नो पार्किंग लिखा है और वहीं टैंकर खड़ा है पास में ऑटो वालों ने जाम कर रखा है

### उठते सवाल

1. शहर के बीचो बीच मिनी बसों को लगा कर यात्री बैठाया जाता है यदि यह अधिकारिक आदेश के बिना हो रहा है तो ट्रैफिक पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाती?
2. राष्ट्रीय नवीन मेल इस मुद्दे को प्रमुखता से लगातार प्रकाशित कर रही, नतीजन बीते दिनों डीटीओ ने बस चालकों के साथ बैठक भी की थी और परमिट जांच तक बसों को लगाने से मन किया गया था फिर भी बसे वैसे हीं लग रही, इन्हें किसका शह प्राप्त है?
3. अभी भी बसों को वैसे ही बीच सड़क पर लगाया जा रहा है सरकारी अधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। तैनात ट्रैफिक पुलिस और डीटीओ कोई भी त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं कर रही?



फिर भारी बारिश में एनएच 75 पर पंचशील नगर पंडरा के पास पानी में फंसा एंबुलेंस और कई स्कूटी बंद हो गई जिन्हें ढकेलकर किसी तरह निकाला गया।

**सीयूजे में 'मुंशी प्रेमचंद' जयंती सह हिंदी कार्यशाला का आयोजन**

# प्रेमचंद को नए कलेवर में नई पीढ़ी के साथ जोड़ा जा सकता है : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

क्रिएटिव इकॉनमी के दौर में प्रेमचंद को नए कलेवर में नई पीढ़ी के साथ जोड़ा जा सकता है। आज कल कंटेंट क्रिएटर्स और इन्फ्लूएंसर्स अपने अनूठे कहानी कहने के अंदाज से लाखों करोड़ों लोगों के बीच देश दुनिया की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे। उसी प्रकार हमारी वृहद भारतीय ज्ञान परम्परा को भी वो लोगों तक पहुंचा सकते हैं। प्रेमचंद हमारी ज्ञान परंपरा के महान साहित्यकार और उपन्यास सम्राट हैं जिनकी सामाजिक सरोकार की कहानियां आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हीं प्रासंगिक कहानियों को एक नए कलेवर में आज की पीढ़ी के साथ जोड़कर प्रस्तुत कर रोजगार का सृजन भी किया जा सकता है। यह बातें, मुंशी प्रेमचंद जयंती सह हिंदी कार्यशाला में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने कही। इस कार्यशाला का शीर्षक प्रेमचंद की रचनाओं में नैतिक मूल्य और आदर्श था। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं संस्थान के कर्मचारियों को हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति जागरूक करना, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना तथा मुंशी प्रेमचंद के जीवन एवं कृतित्व से प्रेरणा लेना था। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। उनके साथ प्रो. श्रेया भट्टाचार्जी, संकायाध्यक्ष, भाषा संकाय, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. रत्नेश विष्वक्सेन, और प्रो. देवव्रत सिंह, संकायाध्यक्ष, जनसंचार और मीडिया टेक्नोलॉजी संकाय भी मंच पर उपस्थित थे।






# सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 84 कर्मयोगियों को दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में गुरुवार को एक भव्य "सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें जुलाई 2025 में मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले 08 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। इसके साथ ही सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मियों को भी उनके संबंधित क्षेत्रों में आयोजित समारोहों में ससम्मान विदाई दी गई। इस प्रकार आज कुल 84 कर्मियों को गरिमापूर्ण तरीके से विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों वाशरी निर्माण विभाग से सुरेश आर तलंकर, महाप्रबंधक(खनन); संचालन विभाग से मेराज अहमद, महाप्रबंधक(खनन) उत्खनन विभाग से अजय कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक(उत्खनन) अधिकारी स्थापना विभाग से अमरेश तिवारी, कार्यालय अधीक्षक कल्याण विभाग से नारायण चंद्र राम, मुनीम-(ए-1); मानव संसाधन विकास विभाग से सतपाल सिंह, कार्यालय अधीक्षक वित्त विभाग से अनंत तिर्की, वरिष्ठ डीइओमार्केटिंग एंड सेल्स विभाग से एसएन कश्यप, डुप्लिकेटिंग ऑपरेशन। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, "आप सभी ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ निर्वहन किया है।

**श्री कृष्ण बीतक कथा का हुआ समापन**

# साध्वी ने स्वामी महामती प्राणनाथ और राजा छत्रसाल के मिलन का किया चित्रण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय पांच दिवसीय श्री कृष्ण बीतक कथा का समापन हुआ। यह आयोजन संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न कराया गया, कथा के पांचवें एवं अंतिम दिन कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीणा महाराज ने अपने दिव्य वाणी से स्वामी महामती प्राणनाथ और राजा छत्रसाल के ऐतिहासिक व आध्यात्मिक मिलन का हृदयस्पर्शी वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह मिलन केवल दो महान आत्माओं का नहीं, बल्कि धर्म और कर्म, भक्ति और शक्ति के संगम का प्रतीक है। साध्वी ने बताया कि कैसे स्वामी जी ने राजा छत्रसाल को आत्मज्ञान की ओर अग्रसर किया और उन्हें धर्म युद्ध के लिए प्रेरित किया। यह प्रसंग न केवल ऐतिहासिक था, बल्कि वर्तमान समय में भी आत्म जागरण का संदेश देता है। तन मन धन अर्पण कियो, सब तुम पे ब्रजराज। मन भावे सोई करो हाथ तुम्हारे लाज। छत्रसाल जी कहते हैं हे प्राणनाथ जी आपको चरणों में मेरा तन मन धन सब कुछ अर्पण है। इसके साथ ही साध्वी मीणा महाराज ने श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं से लेकर महाभारत के युद्ध भूमि में दिए गए गीता उपदेशों तक के प्रसंगों को अत्यंत मार्मिकता से प्रस्तुत किया। उनके शब्दों में श्रीकृष्ण की दिव्यता, करुणा और उनके जीवन का दर्शन झलकता रहा। भक्तगण उनकी वाणी से जैसे श्रीकृष्ण के साक्षात दर्शन कर रहे हों, ऐसा प्रतीत हुआ। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, मधु जाजोदिया, पूरणमल सर्राफ, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, अग्रवाल सभा के सह मंत्री निर्मल बुधिया, श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा, वासुदेव भाला,मनीष सोनी, मनीष जालान, अभय कुमार, विष्णु सोनी, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश अग्रवाल, पवन पोद्दार, विद्या देवी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कविता चौधरी, अमिता जालान, शोभा जालान, उर्मिला पाड़िया, विमला जालान, शीला मुरारका, ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, प्रमिला पुरोहित, सुधीर सुल्तानिया सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।





राष्ट्रपति के कार्केड के लिए बंद सड़क पर जाम

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम सामाजिक आंदोलन: बादल राज

**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की ओर से गुरुवार को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय उल्हास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही जिला रिसोर्स ग्रुप की बैठक हुई। जिला शिक्षा अधीक्षक बदल राज ने कहा कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केवल एक शैक्षणिक पहल नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है। इसकी सफलता हम सभी के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। जावेद अनवर ने जिला रिसोर्स ग्रुप के कार्यों को बेहतर ढंग से किए जाने पर अपनी बात रखी।

**गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर कार्यक्रम**

# गोस्वामी तुलसीदास न केवल एक कवि थे बल्कि वह युगद्रष्टा संत थे: ललित पोद्दार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम के सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम,(सत्य-प्रेम सभागार)पुंदाग में गोस्वामी तुलसीदास जयंती बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और विचारशील वातावरण में मनाई गई। यह आयोजन पीड़ित मानव सेवा के इस पावन तीर्थ स्थल पर संत कवि तुलसीदास की दिव्य स्मृति को समर्पित था, जहां आध्यात्मिकता और सामाजिक सेवा का अद्भुत समागम देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर कई गण्यमान्य लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन, उनकी लेखनी तथा उनके द्वारा रचित रामचरितमानस की दिव्यता पर गहन विचार प्रकट किए।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा कि "गोस्वामी तुलसीदास न केवल एक कवि थे, बल्कि वह युगद्रष्टा संत थे जिन्होंने रामकथा को घर-घर तक पहुंचाया।

महामंत्री विनोद कुमार जैन ने तुलसीदास के भक्ति मार्ग को आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि "रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है।श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू ने कहा कि गोस्वामी जी हिंदी साहित्य के महान कवि और संत थे जिनकी काव्य रचनाएं विशेष रूप से भगवान राम के प्रति उनकी गहरी भक्ति को दर्शाता है। उनके प्रमुख ग्रंथों में रामचरितमानस, हनुमान चालीसा, दोहावली और कवितावली शामिल है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि यह दिन हमें उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज जब समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी के विचार उनकी भक्ति और साहित्य की प्रकाश स्तंभ की भांति मार्गदर्शन करता है तथा रामचरितमानस की चौपाइयां में आज भी भारतीय संस्कृति की आत्मा बसती है।कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष- डूंगरमल अग्रवाल, अग्रवाल सभा के सह मंत्री निर्मल बुधिया, वासुदेव भाला, नरेंद्र लखोटिया, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का जीवन काव्य और भक्ति अनंत काल तक मानवता को राह दिखाते रहेंगे। ट्रस्ट एवं अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि यह आयोजन तुलसीदास जी के जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा, भक्ति और सामाजिक चेतना के पथ पर चलने का संदेश देता रहा। उन्होंने कहा कि अभी अपना घर आश्रम में 37 दिव्यांग निराश्रितों की समुचित सेवा किया जा रहा है। आज इस अवसर पर समाजसेवी पंकज पोद्दार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी के लिए पूरे दिन का भोजन विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ व्यवस्था किया गया है। इस अवसर पर-शिव भगवान अग्रवाल,अभय कुमार, मधु जाजोदिया, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, मनीष सोनी, मनीष जालान आदि उपस्थित थे।



## रांची में कोच प्रशिक्षण शिविर का समापन

# प्रशिक्षक जो कुछ यहां सीख रहे हैं वे बच्चों को सिखाएं : खेल सचिव

- राज्यभर से आए खेल प्रशिक्षकों को मिला सीखने का मौका

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्य के खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के अलग-अलग जिलों से आए खेल प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया।
प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। जिसमें खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि खेल के मैदान में खिलाड़ियों को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक जो कुछ यहां सीख रहे हैं, उसे अपने जिले में जाकर बच्चों को सिखाएं, ताकि झारखंड से और अच्छे खिलाड़ी निकलें।

**इन केंद्रों के प्रशिक्षक हुए शामिल**

शिविर में रांची के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आवासीय प्रशिक्षण केंद्र, खेलो इंडिया सेंटर और राज्य के खेल प्रमोशन सोसाइटी से जुड़े प्रशिक्षकों ने भाग लिया। साथ ही साइक्लिंग, कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, खो-खो, हैंडबॉल, कुश्ती जैसे कई खेलों से जुड़े प्रशिक्षक भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

**कई खेल संघ के पदाधिकारी भी रहे मौजूद**

कार्यक्रम में साइक्लिंग संघ, तीरंदाजी संघ और एथलेटिक्स संघ से जुड़े कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने राज्य में खेल को बढ़ावा देने और प्रशिक्षकों को बेहतर अवसर देने की बात कही।

**गतिविधि जरूरीः निदेशक**

शिविर के अंत में निदेशक शेखर जमुआर ने कहा कि राज्य में खेलों को आगे ले जाने के लिए इस तरह की गतिविधियां जरूरी हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इसका अच्छा असर दिखेगा।निदेशक ने कहा कि कार्यक्रम सफल रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इसका असर मैदान पर साफ दिखेगा।

## न्यूज बॉक्स

### कैलाश कुमार बने बेड़ो दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष



**बेड़ो।** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो की बैठक के दौरान समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कैलाश कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मोतीलाल गुप्ता एवं लक्ष्मी नारायण गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि सर्वसम्मति से शशि टाइगर को कार्यकारी अध्यक्ष चुन लिया गया। पत्रकार रवि सिंह को दुर्गा पूजा आयोजन समिति का सचिव चुन लिया गया। आकाश रक्षित को सहसचिव अंकित सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। पंकज गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष एवं विकास बंटी रौनियार को मिडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में मौजूद साधन कुमार रॉय, मनोरंजन देवघरिया, महावीर गोप, डॉ रमेश गुप्ता, वाणी कुमार राय, विकास कुमार, रविंद्र वर्मा, रोशन सोनी, सौमित्र शर्मा, परना महतो,सोनू पंडा,सतवीर लाल खन्ना, ब्रजेश कुमार गुप्ता, रविंद्र बड़ाइक, राजकुमार गुप्ता, सुशील भगत, सुदामा वर्मा, अनिल महतो, संतोष दास, उमेश महतो, बीनू महतो, अपूर्व लाल खन्ना, राम बड़ाईक, बालक गोप, बुधुवा उरांव,विनय सोनी, हैप्पी देवघरिया सहित कई लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### वित्तीय समावेश जागरूकता अभियान का आयोजन



**चान्हो।** वित्तीय समावेश जागरूकता अभियान के तहत पंजाब नेशनल बैंक ने चटवल पंचायत भवन में गुरुवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया जिसमें ग्रामीणों को जनधन खाता डिजिटल बैंकिंग और बचत खाता के उपाय के बारे में लोगों को बताया गया और ग्रामीणों को बैंकिंग व्यवस्था की पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि केंद्र सरकार द्वारा बैंकिंग व्यवस्था में चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं की पूरी जानकारी ग्रामीणों को मिल सके ताकि ग्रामीण जनता बैंकिंग सेवा का लाभ ले सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएनबी के मैनेजर रौनक कुमार के साथ पंचायत के ग्रामीण महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ट्रेन से गिर कर एक व्यक्ति की मौत

**सिल्ली।** मुरी रांची रेल खंड पर मुरी लगाम रेल फाटक के समीप ट्रेन से गिर कर रांची के एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हटिया हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार देर रात 10 बजकर 40 मिनट में जैसे ही ट्रेन मुरी आउटर लगाम फाटक के पोल संख्या 355/28 के पास पहुंची तो उक्त व्यक्ति गेट खोल कर बाहर देखने लगा तभी वह रेलवे ओभर हेड तार के पोल से टकरा कर गिर गया।ट्रेन के यात्रियों ने मुरी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर इसकी सूचना रेल पुलिस को दी। आनन फानन में घटना स्थल पर पुलिस पहुंची।तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार को सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।पुलिस ने बताया कि उसके पॉकेट से मिली आई कार्ड से उसकी पहचान सत्यप्रकाश कुमार धुर्वा निवासी बताया जाता है।घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है।

### प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ



**रांची।** रांची में 15 अगस्त तक" एक पेड़ मां के नाम "पौधारोपण अभियान होगा। कॉलेज के प्राचार्य उमेश यादव ने बताया मुख्यमंत्री स्वच्छ स्कूल अभियान के तहत कॉलेज में पठन-पाठन करने वाले सभी छात्र और छात्राओं को कॉलेज केंपस या अपने पैतृक जमीन या अन्य सहयोगी के जमीन पर स्वच्छ झारखंड -उन्नत झारखंड के तहत पौधारोपण किया गया ।प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा के परागण में अभियान का प्रारंभ करते हुए 21 पौधे लगाए गए । इस अभियान में कॉलेज के व्याख्याता गण में मुख्य रूप से प्राचार्य उमेश यादव सीमा ममता संजय कुमार हरिमणी सुवेदी सुधा तिवारी अनीता रानी अजय महथा शशिकांत रंजन ने भाग लिया।

### नामकुम रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला शव

- हत्या या आत्महत्या पुलिस कर रही जांच

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप श्री साईं बस के एक खलासी का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान हदीस अंसारी के रूप में हुई है, जो पलामू जिले के तरहसी का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, हदीस अंसारी बुधवार की रात नामकुम बस स्टैंड पर अपनी बस में ही सोया था वहीं अहले सुबह उसका शव नामकुम रेलवे क्रॉसिंग के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला सूचना मिलने पर नामकुम थाना पुलिस नए घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वे मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं हत्या या किसी अन्य कारण से मौत हुई है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा पुलिस बस चालक और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है हदीस अंसारी के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

## राड़हा और पिठोरिया पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर हुए विरोध प्रदर्शन पर बोले अधिकारी

# स्मार्ट मीटर सरकार के लिए जरूरी भी है और मजबूरी भी : जीएम

- तीन मौजे की जमीन में खेती की सिंचाई के लिए लेना होगा तीन कनेक्शन

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राड़हा और पिठोरिया पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर ग्रामीण और दुकानदार डरे हुए हैं उनका कहना है कि भया दोहन करते हुए डरा धमका कर स्मार्ट मीटर लगाई जा रही है। इसके लिए उन्होंने आक्रोश भी प्रदर्शन किया था जिसके बाद से मामला चर्चा में बना हुआ था। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने पिठोरिया जाकर लोगों से बात की और सवाल पूछे। आईए जानते हैं क्या है मामला।

अईनुल हक अंसारी पूर्व जिला परिषद और कांग्रेस के पिठौरिया प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि यहां के किसानों की जमीन अलग-अलग मौजे में है। अलग अलग खेतों की सिंचाई में अगर एक किसान की जमीन तीन मौजे में है तो उसे तीन बिजली कनेक्शन लेने होंगे।
ऐसे में किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा दूसरे 80% लोगों के पास मोबाइल फोन नहीं है तो स्मार्ट मीटर उनके लिए किस प्रकार लाभकारी होगा। वहीं 200 यूनिट फ्री बिजली योजना का लाभ ग्रामीण नहीं ले सकेंगे।



जीएम मनमोहन कुमार



अईनुल हक अंसारी

> **बिजली के कनेक्शन लेने के लिए मीटर का स्थान सुनिश्चित करेंगे**
>
> जीएम मनमोहन कुमार ने राष्ट्रीय नवीन मेल संवादाता से विशेष बातचीत में कहा है कि किसान अपने खेत में बिजली के कनेक्शन लेने के लिए मीटर का स्थान सुनिश्चित करेंगे और उस मीटर की सुरक्षा भी करेंगे ताकि मीटर चोरी जैसी कोई घटना ना हो। ट्रांसफार्मर नहीं है तो ट्रांसफार्मर का शुल्क किसानों को ही जमा करना होगा और कहीं अवैध कनेक्शन पाए गए तो कड़ी कार्रवाई होगी।

जीएम मनमोहन कुमार ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाना सरकार की मजबूरी और जरूरी दोनों है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर में एक चिप लगाया जाता है और उस चिप में प्रत्येक आधा घंटे में बिजली खपत का रिकॉर्ड दर्ज हो जाता है, इस तरह से पूरे कंज्यूम का रिकॉर्ड दर्ज हो जाता है और बिना ऊर्जा मित्र घर भेजे सभी के कंज्यूम का रिकॉर्ड विभाग को प्राप्त हो जाता है। इसके लगने के बाद से अनाप-शनाप बिजली आने की शिकायत खत्म हो जाती है।

उन्होंने यह भी बताया कि मौजे के आधार पर नहीं बल्कि जीआईएस विधि के जरिए लोकेशन बदलता है एक लोकेशन में लिए 10 से 30 मी का क्षेत्र निर्धारित है इससे बाहर निकलने पर दूसरे कनेक्शन की जरूरत पड़ेगी। अलग-अलग जीआईएस लोकेशन की जमीन के लिए अलग कनेक्शन होंगे और रही बात 200 यूनिट फ्री बिजली योजना की 200 यूनिट फ्री बिजली योजना का लाभ सिंचाई जमीन के लिए लागू नहीं होता है बल्कि घरेलू बिजली में इसका लाभ मिलता है। आज सभी लोग स्मार्ट फोन का प्रयोग कर रहे हैं किसी को तकनीकी रूप से कोई परेशानी नहीं होगी किन्हीं को किसी तरह की परेशानी हो तो अपने संबंधित कार्यालय में जाकर शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं विभाग पूरा सहयोग करेगी। किसी को भय ग्रस्त और भ्रम ग्रस्त होने की आवश्यकता नहीं है यह कौन लोग हैं जो स्मार्ट मीटर का पहाड़ बनाकर भ्रम फैला रहे हैं वे प्रशासन की नजर में है। सरकार की अच्छी योजनाओं में सभी सहयोग करें अभी स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है उसे लगाने में विरोध ना करें यह जनहित में है।

## बोल बम...



खूंटी के आम्रेश्वर धाम में उमड़ी **शिवभक्तों की भीड़**

## बीआरपी शाहीन अख्तर खाली हाथ हुई सेवानिवृत

- एपीओ, बीईईओ, बीआरपी सीआरपी सहित अन्य लोगों ने दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** बेड़ो प्रखंड संसाधन केंद्र में बीआरपी के रूप में कार्यरत शाहीन अख्तर 31 जूलाई को सेवानिवृत्त हो गईं। उन्होने सितंबर 2005 में बेडो. बीआरसी में योगदान दिया था। तब से आज तक 20 वर्षों की सेवा के उपरांत वे सेवानिवृत हो गईं। धीमी परंतु मधुर आवाज और अपनी शालीन व्यवहार के साथ साथ अपनी कर्तव्यनिष्ठा के कारण शाहीन अख्तर की अलग पहचान रही है। बेड़ो की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की, झारखंड शिक्षा परियोजना रांची जिले के एपीओ अखिलेश कुमार, बीपीओ देव कुमार, विकास भूषण, मो आदिल शाह हुसैन, कांके के बीआरपी कृष्णा प्रसाद, सिकन्दर कुमार सिन्हा, सीआरपी जनक मुंडा, श्याम कुमार, विकास कुमार गुप्ता, सुशांत मिश्रा, दिलीप सिंह, अब्दुल नासिर, सुनील कुमार गुप्ता, राजेंद्र देवघरिया, अनिरूद्ध कुमार सिंह, मो समीउल्लाह अंसारी, मंटु कुमार साहु, प्रियंका कुमारी, रूबी देव, विजय रंजन पाठक, संतोष कुमार मांझी सहित कई बीआरपी सीआरपी ने सेवानिवृत बीआरपी शाहीन अख्तर को उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दी हैं। शाहीन जी विभाग द्वारा आवंटित प्रत्यक कार्य को लगन के साथ निष्पादित की, किंतु विभाग /जिला कार्यालय द्वारा 20 वर्षो की सेवा अवधि के बाद सेवानिवृति के दिन शाल ओढ़ाकर सम्मान पूर्वक विदा करने से भी चूक गया। यही फर्क आज स्पष्ट रूप से दिखा जब 31 जूलाई के दिन रांची जिला के कई शिक्षक गण सेवानिवृत हुए तो उनके लिए सम्मान समारोह कर विभाग द्वारा सेवानिवृति के दिन देय सुविधा प्रदान की गई वहीं दूसरी ओर बीआरपी 20 साल के बाद खाली हांथ घर लौटी।

## शिवसेवक पाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड प्रभाग- 5 के वेधक प्रभारी शिव सेवक पाठक के सेवानिवृत्ति पर प्रभागीय कार्यालय हरमू रांची में गुरवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित कर विदाई दी गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता एससी प्रसाद ने की। वक्ताओं ने शिव सेवक पाठक के द्वारा विभाग में गए किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। मौके पर हसन इमाम अंसारी, राजकिशोर वर्मा, नमन केरकेट्टा, आरके पांडे, राजेश कुमार, सुधीर कुमार ओझा, टुन्नू कुमार, अमित कुमार, विवेक कुमार, सुशांत कुमार ,निरंजन कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सदानंद सिंह यादव ने किया।

## अतिक्रमण का दंश झेलता पंचशील नगर चौक

# पानी के कारण राजधानी से कटता एनएच 75



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कुछ लोगों के अतिक्रमण का दंश एनएच 75 झेलता है। पंचशील नगर चौक में बारिश का पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेता है। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि अतिक्रमणकारियों पर विभागीय कार्रवाई की गाज गिरी है 5 में से चार लोगों का घर और दुकान नाले की जमीन पर पाए गए हैं उनके जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव एलआरडीसी के पास भेजा गया है, वही एक ने कागजात जमा करने में विलंब किया था उनके कागजात की जांच हेहल अंचल में की जा रही है। सारे और सभी के दस्तावेज की अच्छी तरह जांच के बाद एक साथ कार्रवाई होगी। लोगों का कहना है कि एनएच 75 का राजधानी से कटना कोई छोटी घटना नहीं है और कब तक हम जान जोखिम में डालकर नाले की बाढ़ का विरोध करते हुए पार करेंगे। प्रशासन को इसमें गंभीरता से कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## छह शिक्षकों को विदाई और पेंशन का भी लाभ मिला

**रांची।** समाहरणालय में गुरुवार को पेंशन दरबार एवं सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह हुआ। उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में रांची जिले के 6 सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिह्न व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर ही शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के सभी लाभ उपलब्ध कराए गए। डीडीसी ने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद भी शिक्षकों को समाज से जुड़े रहना चाहिए। सम्मानित शिक्षकों में शकुन्तला राशि, शमीम अहमद, कमलावती टोपनो, पुष्पा रानी, श्यामलाल मुंडा और कृष्णा महतो शामिल हैं।

## झारखंड के दो वुशु खिलाड़ी बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप के लिए रवाना

- भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/नई दिल्ली।** भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भारतीय वुशु दल आज जोर्जिया के बाटुमी में होने जा रही "बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप" में भाग लेने के लिए रवाना हो गया। इस दल में कुल 39 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 37 खिलाड़ी, 1 कोच और 1 मैनेजर हैं।इस गौरवशाली भारतीय दल में झारखंड से दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी तनुश्री और एल प्लेटोदीप सिंह भी शामिल हैं। इन दोनों ने हाल ही में देहरादून में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान भारतीय टीम में सुनिश्चित किया।

**तनुश्री**

झारखंड की होनहार खिलाड़ी तनुश्री वुशु खेल में सब जूनियर वर्ग से ही सक्रिय रही हैं। उन्होंने लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक प्राप्त कर राज्य को गौरवान्वित किया है। हाल ही में उन्होंने यूनिवर्सिटी नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**एल प्लेटोदीप सिंह**

लगातार सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले एल प्लेटोदीप सिंह ने झारखंड को खेल जगत में नई पहचान दी है। अपने पहले ही सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पूर्व वे मॉस्को इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक विजेता रह चुके हैं। इन दोनों खिलाड़ियों से झारखंड और भारत को इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की पूरी उम्मीद है। इनकी सफलता के लिए झारखंड खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा ( राज्य सभा सांसद )सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू.चंचल भट्टाचार्य आदि ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कई मुद्दों पर हुई मंत्रणा

# मानसून सत्र में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव लाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस भवन में गुरुवार 31 जुलाई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी उपस्थित रहे। बैठक के बाद झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस विधायकों की सर्वसम्मत राय है कि कांग्रेस एसआईआर के खिलाफ मानसून सत्र में प्रस्ताव लाए, ताकि देशभर में एक मैसेज जाए।

**कांग्रेस विधायकों को दिया गया यह निर्देश**

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सीएलपी नेता प्रदीप यादव, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बैठक के दौरान सभी कांग्रेसी विधायकों को यह निर्देश दिया कि सत्र के दौरान विधायक सदन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित रखेंगे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के सीएलपी नेता ने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष तैयार है।

> **विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं : राजेश कच्छप**
>
> 
>
> कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने विधायक दल की बैठक के बाद कहा कि एसआईआर के अलावा पार्टी मानसून सत्र के दौरान पेसा, अनुसूचित जाति एडवाइजरी कमेटी और राज्य के विकास के मुद्दे को सदन में रखने से पहले सदन के नेता मुख्यमंत्री से बात करने के लिए सीएलपी प्रदीप यादव को अधिकृत किया गया है। उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि सदन में कांग्रेस सदन में जनहित के मुद्दों के साथ साथ ओबीसी को 27% आरक्षण और सरना धर्म कोड के मामले पर केंद्र की भाजपा सरकार की नीति पर भी मुखरता से आवाज उठाएगी।

**ये कांग्रेस विधायक हुए बैठक में शामिल**

झारखंड में पार्टी मुख्यालय कांग्रेस भवन में हुई बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के साथ-साथ विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, विधायक निशत आलम, विधायक श्वेता सिंह, रामचंद्र सिंह चेरो, सोनेराम सिंकू, ममता देवी, रामेश्वर उरांव, भूषण बाड़ा, नमन विक्सल कोंगाड़ी सहित अन्य विधायक शामिल हुए।

## भवन नियमितीकरण योजना पर झारखंड चैंबर ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना को शीघ्र प्रभावी बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गठित विशेष समिति के चेयरमैन व निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से आग्रह किया कि राज्यभर के लोगों को राहत पहुंचाने के लिए भवन नियमितीकरण योजना को जल्द अंतिम रूप देकर लागू किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ड्राफ्ट की कॉपी साझा की जाए, ताकि आवश्यक सुझाव व संशोधन समय रहते शामिल किए जा सके। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारिणी सदस्य पुनीत पोद्दार ने कहा कि बिल्डिंग रेगुलराइजेशन बिल राज्य की वर्तमान जरूरत है और इसका त्वरित क्रियान्वयन जनहित में होगा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के सभी 24 जिलों से जुड़े व्यापार, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ एक वृहद बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा।

## आवासीय विद्यालय डीबीएफ कलहाबाद में प्री बैच का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन कल्हाबाद के तत्वावधान में छात्रों को परीक्षा तैयारी को लेकर प्री बैच का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। प्री बैच 30 बच्चों के साथ शुरू हुआ। डीबीएफ छह का शुभारंभ 30 छात्रों के प्री बैच संस्थापक केदार प्रसाद, शिक्षक सुरेश प्रसाद के उपस्थिति में किया गया। मैनेजमेंट हेड संजय प्रसाद ने बताया कि छात्रों को अक्तूबर माह तक पढ़ाया जाएगा। स्टेज दो की अंतिम जांच परीक्षा में फाइनल सिलेक्शन के बाद नियमित क्लास चलेगा। फाइनल में चयनित बच्चों को नवोदय, नेतरहाट, इंदिरा गांधी, सैनिक स्कूल, मॉडल स्कूल, सीएम उत्कृष्ट स्कूल आदि आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु निशुल्क तैयारी कराया जाता है। इन बच्चों के शिक्षण में विशेष रूप से बीएल प्रसाद, मनु भाई, प्रभात कुमार, रविकांत प्रसाद, शशिभूषण प्रसाद का सहयोग में होता है।

### उपायुक्त ने किया चितरपुर प्रखंड का किया दौरा

# गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर सुकरीगढ़ा का किया निरीक्षण

- डीसी ने कारीगरों की समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान हेतु आश्वासन दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चितरपुर प्रखंड अंतर्गत गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर सुकरीगढ़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर सुकरीगढ़ा अंतर्गत कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर के माध्यम से कारीगरों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली गयी।



इस दौरान क्लस्टर डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव भूषण कुमार दांगी द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर में कारीगरों के उपयोग हेतु कई उपकरण लगाए गए हैं। उपायुक्त ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर में लगाए गए उपकरणों का जायजा लिया एवं सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द कॉमन फैसिलिटी सेंटर का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। कॉमन फैसिलिटी सेंटर के उपरांत उपायुक्त ने सुकरीगढ़ा क्षेत्र में गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी निर्माण कार्य से जुड़े कारीगरों के घरों का भी निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने कारीगरों की समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान हेतु आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने सभी कारीगरों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में किसी प्रकार की समस्या होने पर इससे जिला प्रशासन को अवगत कराने का निर्देश दिया। मौके पर अंचल अधिकारी चितरपुर दीपक मिंज, ईओडीबी मैनेजर अंशुमन सिंह, निदेशक गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर अयोध्या प्रसाद वर्मा, भोला कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूल में मनाया गई संत तुलसी दास जयंती निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बरही ।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई. जिसका शुभारभ संत तुलसीदास के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद आचार्य संजीव कुमार ने कार्यक्रम की भूमिका पर चर्चा किया। आचार्य सुरेंद्र कुमार, अनमोल शिवम एवं सुनीता कुमारी ने गोस्वामी जी के जीवन मूल्य पर प्रकाश डालते हुए जयंती की उपयोगिता से बच्चों को अवगत कराया. गोस्वामी जी के रामबोला से तुलसीदास बनने तक के सफर की जानकारी दी गई. विद्यालय की छात्रा आद्या मिश्रा, रोजी पांडेय व वैष्णवी चौधरी ने भी संत तुलसीदास के जीवन काल की जानकारी दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की ओर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की निगरानी में आयोजित किया गया. जिसका समापन वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुआ. जिसमे प्रधानाचार्य सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सह सचिव दिनेश साव, कोषाध्यक्ष रोहित साव ने हिस्सा लिया।

### श्री श्री दुर्गा पूजा समिति एस आर यू इफिको का हुआ गठन



**रामगढ़।** 31 जुलाई 2025 को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति एस आर यू इफिको मरार की आम सभा कार्यालय के समीप मेन गेट में आयोजित हुई. जिसमें सर्वसम्मति से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने , मेला का आयोजन , भव्य पंडाल बनाने एवं रावण दहन आदि कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया. तत्पश्चात कोषाध्यक्ष नंदकिशोर बेदिया ने गत वर्ष के आय व्यय का ब्यूरा पेस किया तथा दुर्गा पूजा 2025 के सफल आयोजन हेतु दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व कमेटी का ही चयन किया गया. जिसमें मुख्य संरक्षक महाप्रबंधक प्रभारी प्रवीण गुप्ता, संरक्षक उपमहा प्रबंधक आनंद सिन्हा , अभिमन्यु कुमार सहायक महाप्रबंधक, अध्यक्ष दिवाकर गिरी ,सचिव यश श्रीवास्तव वरीय प्रबंधक मानव संसाधनप्रमोद कुमार आदि का चयन किया गया।

### बरही उपकारा मंडल में ब्रह्माकुमारी बहन ने मनाया दिव्य रक्षा बंधन



**बरही।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय बरही की ओर से उपकारा बरही में दिव्य रक्षाबंधन मनाया गया। इस अवसर पर संचालिका ब्रह्माकुमारी बहन रीना ने जेलर राजीव कुमार, लिपिक विनोद सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार को राखी बांधकर अस्त का तिलक लगाते हुएमंगलकामनाएं की। साथ हीं ब्रह्माकुमारी बहन ने ज्ञान, योग व मेडिटेशन की जानकारी देते हुए नियमित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इसकी करने से हमारा घर, समाज और देश की तरक्की और कल्याण संभव है। इस अवसर उनकी टीम ने अग्निशमन कार्यालय में भी जयशंकर तिवारी, गोपाल सिंह महतो, सामू चरण आदि का भीं रक्षा बंधन किया।

### संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती का भव्य आयोजन

## महान ग्रंथ की रचना कर समाज को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी : उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर,रजरप्पा प्रोजेक्ट में गुरुवार को महान संत और भक्तिकालीन कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया।आचार्या डॉ गायत्री पाठक के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

> तुलसीदास जी ने रामकथा को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया, वह अद्वितीय है

> आदर्श आज भी हमें सच्चाई, भक्ति और संस्कारों का मार्ग दिखाते हैं




उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने तुलसीदास जी के जीवन और उनके काव्य संसार पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी ने लोकभाषा में रामचरितमानस जैसे महान ग्रंथ की रचना कर समाज को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका साहित्य आज भी हर वर्ग के लिए मार्गदर्शक है।

तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद अपने संबोधन में गोस्वामी तुलसीदास के जीवन, साहित्य और विशेष रूप से उनके द्वारा रचित रामचरितमानस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी ने रामकथा को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया, वह अद्वितीय है और उनके आदर्श आज भी हमें सच्चाई, भक्ति और संस्कारों का मार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सभी पेंशनधारी शिविर में पहुंचकर डीएलसी बनवाएं : बीडीओ



**बरही ।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशनधारियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने को लेकर 31 जुलाई से 9 अगस्त तक पंचायतवार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जिसके तहत लाभुकों के पेंशन का सत्यापन के साथ जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इस संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने पत्र जारी कर पंचायत वार शिविर की तिथि की घोषणा की है। जारी पत्र के अनुसार 31 जुलाई को पूर्वी पंचायत, पश्चिमी पंचायत, बिजैया, कोल्हुआ कला, 1 अगस्त को डपोक व धनवार, 2 अगस्त को करसो व बेंदगी, 3 अगस्त को रसोईया धमना व कोनरा, 5 अगस्त को बसरिया ऊर्फ पंचमाधव व करियातपुर, 6 अगस्त को दुलमहा व बरसोत, 7 अगस्त को रानीचुआ व मलकोको, 8 अगस्त को केदारुत व गौरिया करमा और 9 अगस्त को खोड़ाहर व भंडारों में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### चोरों ने किया हाथ साफ

## सोलर जल मीनार में लगे जंक्शन बॉक्स की हुई चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बनवारी में सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना के तहत जलमीनार लगाया गया ।जलमीनार लगने के बाद कुछ दिन तक ठीक चला ।लेकिन कुछ दिन पहले यह खराब हो गया था। वहीं बुधवार को अज्ञात चोरों द्वारा मीनार में लगे जंक्शन बॉक्स को चोरी कर लिया गया। ज्ञात हो कि यह जलमीनार उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बनवारी के बगल मे लगा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुनसान पा कर रात में लोगों ने मीनार में लगे जंक्शन बॉक्स को चोरी कर लिया है जो अत्यंत ही निंदनीय घटना है । कहा चोरी की घटना प्रखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है जिस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

### मनोविज्ञान विभाग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## छात्रों की मानसिक, भावनात्मक व सामाजिक भलाई को भी समझना है : कुलाधिपति




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में नेशनल माइनॉरिटी मेंटल हेल्थ अवेयरनेस" के उपलक्ष्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के मध्य अल्पसंखक समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना तथा मानसिक स्वास्थय से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों और कलंक को कम करना था।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि छात्रों की मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक भलाई को भी समझना है। विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो हाशिए पर खडे, समुदायों से आते हैं, अतः हमे एक संवेदनशील और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा "

सचिव प्रियंका कुमारी ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस जागरूपता कार्यक्रम से प्रेरणा लें तथा अल्पसंख्यक समुदाय के स्वास्थ्य को उन्नत बनाने में मानसिक स्वास्थ्य की उन्नत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा० भारती कुमारी ने की जबकि मंच संचालन सहायक प्राध्यापक विक्रम कुमार द्वारा किया गया। डॉ भारती कुमारी ने अपने ' वक्तव्य में कहा, "मानसिक स्वास्थ्य सिर्फ चिकित्सा का विषय नहीं है, बल्कि सामाजिक समानता और मानव गरिमा का प्रश्न है।

### आज से यूपीआई से लेनदेन करने के कायदे कानून में हुए परिवर्तन

**बरही।** एनपीसीआई ( भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) के सर्वर में आ रहे दबाव को लेकर रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने 1 अगस्त से यूपीआई से किए जाने वाले लेनदेन के नियमों में कुछ आवश्यक परिवर्तन किए हैं. जानकारी के अनुसार अब कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐप से एक दिन में मात्र 50 बार ही बैलेंस देख सकता है. बैंकिंग व्यस्ततम समय पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 1 बजे और संध्या 5 से रात्रि 9.30 तक बैलेंस जांच पर रोक या सीमा निर्धारित होंगे. प्रत्येक सफल लेनदेन के बाद बैंक एसएमएस के माध्यम से खातों का बैलेंस दिखाएगा. ऑटो पे के समय में परिवर्तन किए जाएंगे. अपने मोबाइल नंबर से जुड़े बैंक खातों की लिस्ट दिन में मात्र 25 बार ही देखा जा सकता है. भुगतान फेल होने की जानकारी 90 सेकंड के बाद हीं लिया जा सकता है. जो एक दिन में मात्र तीन बार हीं लिया जा सकता है. इसके लिए प्रत्येक जांच के बीच 45 से 60 सेकंड का अंतराल होना आवश्यक है. इसके साथ ही 30 दिन में मात्र 10 बार ही पेमेंट रिवर्सल की मांग किया जा सकेगा।

## पौधरोपन हमारी संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़ा एक यज्ञ है : प्रवीण




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व छात्र परिषद रामगढ़ द्वारा प्रांत स्तरीय कार्यक्रम के तहत गुरुवार की सुबह रामगढ़ स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री श्री महामाया मंदिर, माया टुंगरी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बरगद, पीपल एवं पाकुड़ जैसे पर्यावरण और धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण वृक्षों का रोपण किया गया। पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने इस मौके पर कहा वृक्षारोपण केवल पर्यावरणीय संरक्षण का कार्य नहीं बल्कि हमारी संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़ा एक यज्ञ है। ऐसे पूजनीय वृक्षों को पवित्र स्थलों पर लगाकर हम आने वाली पीढियां को शुद्ध एवं समृद्धि पर्यावरण देने का संकल्प लेते हैं। छात्र परिषद द्वारा यह प्रयास समाज को प्राकृतिक से जुड़ने और उसकी रक्षा करने का संदेश देता है। मौके पर पूर्व छात्र परिषद के पदाधिकारी अनिमेष कुमार ने बताया कि वृक्षों का महत्व केवल ऑक्सीजन तक सीमित नहीं है यह हमारी संस्कृति स्वास्थ्य और जीवन की निरंतरता का आधार है। वहीं, मातृशक्ति प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के बराबर होता है और वृक्ष भी उसी तरह जीवन जीवनदायिनी भूमिका निभाते है। जब महिला पर्यावरणीय कार्यों से जुड़ती है, तो यह एक गहरी सामाजिक चेतना का प्रतीक होता है। वृक्षारोपण में मुख्य रूप से पूर्व छात्र परिषद के भैया आशीष कुमार, भैया प्यारे मोहन, भैया शुभम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नवरोपित पौधों की निमित्त देखभाल एवं सुरक्षा का संकल्प लिया और कहा की आज पूरे प्रांत में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और यह आयोजन विद्यार्थियों और समाज के पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध होगा।

### साइबर क्राइम से संबंधित विषय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**रामगढ़।** 31 जुलाई 2025 को रामगढ़ जिलान्तर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय गोला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत डिजिटल साक्षरता एवं साइबर क्राइम से संबंधित विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन प्राचार्य कस्तुरबा गांधी विद्यालय एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शांति बागे जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रामगढ़ ने छात्राओं को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा से बचने के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रणजीत कुमार विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे है और सर्तक रहने की आवश्यकता है साथ ही छात्राओं को कानूनी अधिकार टोल फ्री न० 1098, 181,1930 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सोशल मिडिया पर सर्तकता, ओटीपी साझा नहीं करना,अनजान लींक पर क्लीक न करना जैसी महत्वपूर्ण बातो पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित हैंड बील का वितरण एवं इस संबंध में शपथ भी दिलवाया गया । कार्यक्रम में चाइल्ड राइट राजनन्दनी, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी रणजीत कुमार, महिला पर्यवेक्षिका उषा प्रसाद, बाल संरक्षण के आंकड़ा विश्लेषक सोबन कुमार, कस्तुरबा गांधी की प्राचार्या रीना चौधरी साथ ही विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## 15 अगस्त को लगेंगे रक्तदान शिविर : विकास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरही की सामाजिक संस्थान युवा साथी झारखंड स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्वी पंचायत भवन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। जिसमें दर्जनों रक्तदाता रक्तदान कर पुण्य के भागी बनेंगे. शिविर की सफलता को लेकर संस्थान के अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमे संस्थान के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित होकर कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने विचार और सुझाव दिए. रक्तदान शिविर पूर्वाहन 11 बजे से संध्या 5 बजे तक चलेगा। जानकारी देते हुए हुए अध्यक्ष श्री सिंह ने अधिकारिक लोगों से उक्त शिविर में रक्तदान करने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है जो किसी के जीवन का सहारा बन सकता है। रक्तदान से किसी भी प्रकार की क्षति या कमजोरी नहीं होती है। नियमित करने से रक्त के चिपचिपाहट कम होते हैं। जिससे रक्त का थक्का जमने, दिल का दौरा पड़ने या स्ट्रोक होने की संभावना को कम करता है। एक पुरुष हर 12 सप्ताह में और महिलाएं हर 16 सप्ताह में रक्तदान कर सकती हैं। बैठक में अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष सरफराज खान, उपसचिव आशीष यादव, सह कोषाध्यक्ष शाहरूफ़ आलम, महासचिव विकास यादव, सोशल मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य दीपेश कुमार, प्रकाश यादव, सहमद खान, शकील, नौशाद, प्रताप, सचिन आदि मौजूद थे।

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में प्रेमचंद जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

## विद्यार्थियों ने प्रेमचंद साहित्य की प्रासंगिकता पर रखे सारगर्भित विचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** 31 जुलाई 2025 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक लेखक मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था — प्रेमचंद साहित्य की प्रासंगिकता जिसमें विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य से जोड़ना तथा समकालीन संदर्भों में उनकी रचनाओं की उपयोगिता को समझाना था। प्रतिभागियों ने अपने निबंधों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रेमचंद की रचनाएँ आज भी समाज की सच्चाई को उजागर करती हैं और उनकी लेखनी सामाजिक चेतना को जाग्रत करने में सक्षम है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद की की लेखनी आज भी हमारी सोच को दिशा देती है। इस जयंती पर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प ले।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "गोदान", "निर्मला", "कफन", "ईदगाह" जैसी कहानियों और उपन्यासों का उल्लेख करते हुए यह बताया कि प्रेमचंद ने गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज़ को साहित्य में जगह दी। उनका साहित्य आज भी सामाजिक समरसता, स्त्री अधिकार, आर्थिक विषमता और नैतिक मूल्यों की दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य केवल कथा नहीं, बल्कि समाज का आईना है। उनकी रचनाओं में वह संवेदना और सच्चाई है, जो हर युग में मार्गदर्शन देती है। साथ ही, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा और डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ निबंधों का चयन कर प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में स्वेता को प्रथम, नेहा को द्वितीय और किशोर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।आयोजन को सफल बनाने में हिंदी विभाग की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,विभाग के अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा में शुभम गांगुली की सफलता पर जेएलकेएम ने बधाई दी

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखण्ड अंतर्गत बरकाकाना रेलवे कॉलोनी के शुभम गांगुली झारखंड प्रशासनिक सेवा में सफलता हासिल की है। उनकी सफलता पर बड़काकाना क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुभम बरकाकाना रेलवे कॉलोनी निवासी प्रशांत कुमार गांगुली व श्वेता गांगुली के पुत्र हैं । शुभम दसवीं की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना ,12वीं की पढ़ाई डॉ. एस. पी .एस इंटर कॉलेज धनबाद तथा स्नातक की पढ़ाई गोसनर कॉलेज रांची से की है। जिसके बाद प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी पटना व नई दिल्ली से किया । शुभम ने अपनि सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन मयूरी गांगुली, शिक्षक पाठक सर व अपने मित्र अभिषेक को दिया ।



### गुमला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम

# ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की मजबूती के लिए किसानों को सबल बनाना जरूरी : शिल्पी

- 7 करोड़ रुपए से अधिक राशि का कृषि यंत्र का हुआ वितरण
- विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है उन्हें निजी स्वार्थ और लालसा को त्याग कर जनता के लिए काम करना है
- किसान जब तक जागरूक नहीं बनेंगे, तब तक योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। इस लिए सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जरूरी है




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुमला के कार्तिक उरांव महाविद्यालय सभागार में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। प्रमंडल के पांच जिलों के 155 कृषक समूह सहित 790 किसानों के बीच करीब 7 करोड़ रुपए की राशि का कृषि यंत्र वितरित किया गया। जिसमें 62 बड़ा ट्रैक्टर, 5 मिनी ट्रैक्टर, 235 पंप सेट और 9 सहायक कृषि यंत्र शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज का दिन किसानों के लिए यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य का विकास तभी संभव है जब ग्रामीण अर्थ व्यवस्था मजबूत होगा। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किसानों सबल बनाना जरूरी है। कृषि यंत्र वितरण का उद्देश्य किसानों के समूह, खासकर महिला समूह को मजबूती प्रदान करना और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसान जब तक जागरूक नहीं बनेंगे, तब तक योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। इस लिए सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जरूरी है । विभाग अनुदानित दर पर किसानों को ट्रैक्टर से लेकर पंप सेट तक देने का काम कर रहा है। किसानों को दिए जा रहे ट्रैक्टर में जीपीएस लगाया गया है ताकि इसका दुरुपयोग ना हो सके। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को प्रक्रिया का पालन और बिचौलियों से सावधान रहने की जरूरत है। विभाग के द्वारा किसी भी योजना में अंशदान का ऑन लाइन भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। अगर कोई ऐसा करने को कहता है तो समझ लीजिए की वो आपको ठगने का काम कर रहा है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने में अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है उन्हें निजी स्वार्थ और लालसा को त्याग कर जनता के लिए काम करना है। मौके पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में अबुआ सरकार चल रही है। कृषि मंत्री किसानों के मुद्दों पर गंभीर है। किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़ने और उसका लाभ लेने की जरूरत है . कार्यक्रम में गुमला डी सी प्रेरणा दीक्षित , भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट , जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा , चेती उरांव , दिनेश्वर महतो सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## तेज बारिश में ढहा घर, बीडीओ से प्राथमिकता के आधार पर आवास की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत के परसनवा गांव की मकीना खातून पति अफसर हुसैन का घर बारिश में ढह गया है. इनके पास रहने के लिए पक्का मकान नहीं है और इस बारिश में रहना बहुत ही मुश्किल है.कब घर गिर जाय और इनके साथ हादसा हो जाय कुछ कहा नहीं जा सकता।इस संबंध में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुनिबुद्दीन ने इस महिला के घर जाकर स्थिति का जायजा लिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्राथमिकता के आधार पर इस महिला को आवास देने की मांग की.उन्होने बताया कि इस महिला की स्थिति काफी दयनीय है, घर में कोई कमाऊ सदस्य नहीं है इस स्थिति में इस गरीब परिवार का एक मात्र सहारा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मईया सम्मान योजना ही है,जिससे इनका घर चल रहा है.अभी तक ऐसे जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास का लाभ न मिलना एक चिंता का विषय है। इस संबंध में मुखिया नाजमा खातून ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 अबुआ आवास की स्वीकृति हुई है लेकिन अभी तक जिला स्तर से भुगतान रुका हुआ है।

## सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में संत तुलसीदास जयंती मनाई गई

- छात्रों के लिए परिवहन व्यवस्था और सुदृढ़, नई शुरुआत पर प्राचार्य व प्रबंधन समिति ने जताई खुशी




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विद्या भारती झारखंड की योजना के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में भक्त शिरोमणि संत तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम दोनों खंडों में भव्य रूप से आयोजित हुआ। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा, कार्यक्रम प्रमुख संगीता कुमारी, गणेश साहू, अनुज कुमार, देवेंद्रनाथ तिवारी एवं संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

प्राचार्य श्री सिंहा ने अपने संबोधन में कहा कि संत तुलसीदास केवल महान कवि नहीं बल्कि तत्कालीन समाज के मार्गदर्शक एवं लोकनायक थे। उन्होंने श्रीरामचरितमानस जैसे अमर ग्रंथ की रचना कर भारत की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। आचार्या संगीता कुमारी ने तुलसीदास जी के जीवन दर्शन और उनके संस्कारों पर प्रकाश डाला, जिससे भैया-बहनों को प्रेरणा प्राप्त हुई।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के बच्चों के बीच सुलेख प्रतियोगिता, कक्षा चतुर्थ व पंचम के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और कक्षा षष्ठ से द्वादश तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के लिए नव अधिग्रहित वाहन की चाबियां औपचारिक रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह को सौंपी गईं।

## गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गावां।** गावां प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में गुरुवार को तुलसीदास जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर सुलेख, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कक्षानुसार किया गया। बताया गया कि परीक्षा में विभिन्न श्रेणियों में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागियों की रचनाओं को प्रांतीय कार्यालय भेजा जायेगा। प्रांत स्तर पर अव्वल स्थान लानेवाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के अलावा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के उपरांत तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि तुलसीदास केवल महाकवि या संत ही नहीं बल्कि एक क्रांतिकारी युग- द्रष्टा भी थे।उनके जीवन काल में दिल्ली में मुगलों की सत्ता प्रतिष्ठित थी।

ऊंचे घराने के लोग विलासिता में डूबे थे तथा नीचे स्तर के लोग अभावों से संत्रस्त होकर आत्मगौरव खो रहे थे। ऐसे घोर निराशा के कालखंड में गोस्वामी जी ने श्रीराम के जीवन को जनभाषा में प्रतिष्ठित कर समाज को एक दिशा दी। उन्होंने पराधिन सपनेहुं सुख नाहीं का मंत्र देकर लोगों के अंदर स्वाधिनता की ललक उत्पन्न की। गोस्वामी तुलसीदास संघर्ष एवं विद्रोह के कवि थे। अपने समर्पित जीवन से उन्होंने ज्ञान की धारा को बहाया। जिसमें करोड़ों भारतवासी ही नहीं विदेशी भी अवगाहन कर अपना जीवन धन्य करते रहे हैं। मौके पर प्रधानाचार्य वीके पांडेय, राजेन्द्र विश्वकर्मा, कमल किशोर सिंह, चंचला देवी, कौशल किशोर सोनू, श्यामसुंदर सिंह, प्रमोद कुमार, रजनी गुप्ता, मुन्ना विश्वकर्मा समेत विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित थे।

## झारखंड में कार ईंटों के ढेर से टकराई, पांच कांवड़िये घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में बृहस्पतिवार को एक कार के ईंटों के ढेर से टकरा जाने के कारण उसमें सवार कम से कम पांच कांवड़िये घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकरी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के देवघर के बैद्यनाथ धाम से दर्शन करने के बाद दुमका के बासुकीनाथ मंदिर जाते समय जरमुंडी थाना क्षेत्र के बेल्टिकरी गांव के पास यह हादसा हुआ। जरमुंडी थाने के प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया, ''घायलों को जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दो घायलों की हालत गंभीर बताई गई है।'' उन्होंने बताया कि एक ई-रिक्शा को बचाने के दौरान उनकी कार सड़क किनारे रखे ईंटों के ढेर से टकरा गई। मंडल ने बताया कि घायल गिरिडीह जिले के बगोदर के निवासी हैं।

## डुमरी में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**डुमरी (गुमला)।** गुरुवार को डुमरी प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत एक प्रखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. रौशनी तिग्गा की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथिक और योग चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से मरीजों का उपचार किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न बीमारियों के लिए निःशुल्क परामर्श और इलाज प्राप्त किया। शिविर में जोड़ों के दर्द, पीठ दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव, वात-पित्त-कफ दोष जैसी समस्याओं का प्रभावी उपचार किया गया। साथ ही योग प्रशिक्षकों ने "योग रोज करो, निरोग रहो" का संदेश देते हुए नियमित योग को जीवनशैली में शामिल करने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में आयुष मिशन से जुड़े कई चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

**इनमें प्रमुख रूप से:**
डॉ. अली हैदर (चिकित्सक)
योग शिक्षक सुधीरपाल गिरी एवं योग शिक्षिका श्वेता।

## तुलसीदास जी की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में तुलसीदास जयंती के शुभ अवसर पर वंदना सभा में तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। तुलसीदास जयंती के शुभ अवसर पर प्रांत के निर्देशानुसार निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। 11 वीं के भैया-बहनों का विषय -"मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम" और 12वीं के भैया-बहनों के लिए विषय - महाकुंभ का सांस्कृतिक महत्व" दिया गया। इस शुभ अवसर पर हिन्दी की दीदीजी रेणु कुमारी ने गोस्वामी तुलसीदास जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जयंती केवल एक संत की जयंती नहीं, बल्कि भारतीय भक्ति साहित्य की गौरवपूर्ण विरासत का उत्सव है। तुलसीदास भक्तिकाल के महान कवि थे, जिन्हें रामभक्ति शाखा का प्रतिनिधि कवि माना जाता है। उन्होंने रामचरितमानस जैसे प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना की, जो न केवल भक्ति का एक महान ग्रंथ है, बल्कि भारतीय समाज और संस्कृति का दर्पण भी है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार दास, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, युगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित आचार्य व दीदी जी उपस्थित थे।

## प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन

**चैनपुर।** आज चैनपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की उपस्थिति में जनशिकायत निवारण दिवस का सफल आयोजन किया गया।जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश मामले पेंशन, राशन कार्ड और विभिन्न प्रमाण पत्रों से संबंधित थे।पेंशन संबंधीः 7,राशन कार्ड संबंधीः 1,आय प्रमाण पत्रः 5,आवासीय प्रमाण पत्रः 4,जाति प्रमाण पत्रः 4,जन्म प्रमाण पत्रः 1,पंजी-2 सुधारः 3,मकान क्षति मुआवजा 2 इस आयोजन में प्रखंड और अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## कांवर यात्रा के दौरान डोम्बा गांव के अनिल ठाकुर लापता, परिजनों ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के डोम्बा गांव निवासी अनिल ठाकुर, पिता स्वर्गीय बंधन ठाकुर, सावन माह में बाबा बैद्यनाथधाम देवघर में जल चढ़ाने के लिए कांवर यात्रा पर निकले थे, लेकिन यात्रा के दौरान सुल्तानगंज से देवघर के बीच रास्ते में लापता हो गए।

जानकारी के अनुसार, अनिल ठाकुर दिनांक 25 जुलाई 2025 को अपने गांव से बस के माध्यम से करीब 60 कांवरियों के जत्थे के साथ रवाना हुए थे। सभी कांवरियों ने सुल्तानगंज से गंगाजल उठाकर देवघर के लिए पैदल यात्रा शुरू की, लेकिन इस दौरान अनिल ठाकुर बीच रास्ते से अचानक लापता हो गए। अन्य कांवरियों ने उन्हें आसपास के इलाकों में काफी तलाशने की कोशिश की, लेकिन उनका कोई अता-पता नहीं चल सका। बाद में सभी कांवरिया बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक कर 30 जुलाई को गांव लौट आए। इधर, डोम्बा गांव में अनिल ठाकुर के लापता होने से परिजन बेहद चिंतित और परेशान हैं। परिजनों ने शुक्रवार को भरनो थाना में पहुंचकर गुमशुदगी का सनहा दर्ज करवाने की जानकारी दी और प्रशासन से उनकी तलाश में सहयोग की गुहार लगाई है। परिजनों का कहना है कि अनिल ठाकुर मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ थे और कांवर यात्रा के लिए बेहद उत्साहित थे। अब उनका कोई सुराग न मिलने से परिवार में गहरे दुःख और चिंता का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन और आम लोगों से अनिल ठाकुर की तलाश में मदद करने की अपील की है। साथ ही यदि किसी को उनके संबंध में कोई जानकारी मिले, तो तत्काल नजदीकी थाना या परिजनों को सूचित करने की अपील की गई है।

## लोहरदगा जिले के किसी भी डाकघर में नहीं मिल रहा पोस्टल ऑर्डर : शकील अख्तर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के लोहरदगा जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने जिले में पोस्टल ऑर्डर की अनुपलब्धता को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने इस विषय को लेकर उपायुक्त, लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा है, जिसका पत्रांक संख्या 29/25-26 दिनांक 31 जुलाई 2025 है।

शकील अख्तर ने बताया कि लोहरदगा जिले के किसी भी डाकघर में वर्षों से पोस्टल ऑर्डर नहीं मिल रहा है, जो न केवल चिंताजनक है, बल्कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के पालन में भी गंभीर बाधा उत्पन्न कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग 40-50 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय आते हैं, ताकि वे आरटीआई आवेदन, सरकारी सेवाओं में शुल्क भुगतान, या विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक पोस्टल ऑर्डर खरीद सकें, लेकिन डाकघरों में यह सुविधा नदारद है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग की यह लापरवाही आम जनता के अधिकारों का हनन है। पोस्टल ऑर्डर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत एक आवश्यक माध्यम है, जिससे नागरिक सरकार से जानकारी मांग सकते हैं। कई सरकारी परीक्षाओं व सेवाओं में भी पोस्टल ऑर्डर का प्रयोग भुगतान हेतु किया जाता है। मुख्य डाकघर, लोहरदगा से संपर्क करने पर वहां के अधिकारियों ने बताया कि "जिले में पोस्टल ऑर्डर की आपूर्ति ही नहीं हो रही है।" इस पर मंच ने सवाल उठाया है कि इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? बार-बार अखबार और सोशल मीडिया में यह मुद्दा उठाया गया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। शकील अख्तर ने जनहित में मांग की है कि जिले के सभी डाकघरों में पोस्टल ऑर्डर की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को सुविधा मिल सके और वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। उन्होंने मीडिया व सोशल मीडिया कर्मियों से भी आग्रह किया है कि इस गंभीर विषय को प्राथमिकता से प्रकाशित कर सरकार तक जनता की आवाज़ पहुंचाएं।

## चैनपुर में युवाओं को बांटे गए हाइजीन और एजुकेशन किट

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** परिवार विकास चाइल्ड फंड के सहयोग से गुरुवार को चैनपुर प्रखंड सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए हुए युवा-युवतियों को मेन्स ट्रबल हाइजीन किट और एजुकेशन किट वितरित किए गए।इस मौके पर मुख्य अतिथियों में चैनपुर की जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, बीडीओ यादव बैठा, और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता मौजूद रहे। उनके साथ चाइल्ड फंड की स्टेट मैनेजर पायलौमी राम चौधरी, फील्ड कोऑर्डिनेटर कपिल देव यादव, और सामुदायिक उत्प्रेरक सीताराम मुंडा भी उपस्थित थे।अधिकारियों ने युवाओं को दिया मार्गदर्शन।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि ये किट युवाओं के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा, "आप सभी इन हाइजीन और एजुकेशन किट का सही उपयोग करें और अपने जीवन को स्वस्थ रखें।" उन्होंने परिवार विकास चाइल्ड फंड के इस प्रयास की सराहना भी की।जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने लड़कियों को समाज में आगे आने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियों को हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों के लिए परिवार विकास चाइल्ड फंड को धन्यवाद दिया।अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "आज के युवा नशे में अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। आप सभी नशे से दूर रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इससे बचाएं। आप ही हमारे देश का भविष्य हैं।"चाइल्ड फंड की स्टेट मैनेजर पायलौमी राम चौधरी ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय मंडल कारा, चतरा**

**ई0–निविदा सूचना**

**e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Yrl./2025-2026/1548**

| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
|---|---|---|
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त अति अल्पकालीन ई०–निविदा का आमंत्रण। **वार्षिक अवधि (01.04.2025 से 31.03.2026) की शेष अवधि दिनांक– 01.10.2025 से 31.03.2026 तक** |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 07.08.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से 18.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 07.08.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से 18.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 19.08.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से 20.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 19.08.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से 20.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक **21.08.2025 को अपराह्न – 03.00 बजे अपर समाहर्त्ता, चतरा** की अध्यक्षता में अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय कक्ष में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 94303427 52 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा

PR.NO.358674 Home(25-26):D



**ऊर्जा विभाग झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची।**
**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/44/2025-26** दिनांक–31/07/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | बजार टॉड खूँटी स्थित 3 अदद् ब्लॉक में स्थित 18 अदद् B टाईप सरकारी आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,98,071=00 | 5,000=00 | 36,000=00 | 35 दिन |
| II | नामकूम रॉंची स्थित J.A.C कार्यालय के प्रशासनिक भवन में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं पी0एल0 लाईट के स्थान पर एल0ई0डी लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 18,45,375=00 | 5000=00 | 37,000=00 | 35 दिन |
| III | नेपाल हाउस डोण्डा, रॉंची केकमरा सं0 307, कमरा सं0 107 में विद्युत अधिष्ठापन के विषेश मरम्मति एवं कमरा सं0 15 एवं 17 में दिवाल पंखा के अधिष्ठापन एवं बाहरी एल0ई0डी0 फ्लड लाईट के बदीकरण का कार्य। | 13,54,978=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 35 दिन |
| IV | पुराने विधान सभा, धुर्वा रॉंची स्थित विधायक आवास के कमरा सं0 4, 195, 24, 25, 26, 27, 28, 62, 63, 105, 106, 107, 117, 118, 119, 120, 127, 128, 130, 133, 136, 148, 143, 144, 145, 146, 147, 155, 159, 160, 161, 202, 204 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेश मरम्मति का कार्य। | 10,86,436=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 35 दिन |
| V | पलामू स्थित सहायक श्रम आयुक्त के कार्यालय भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विषेश मरम्मति का कार्य। | 12,32,316=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 35 दिन |
| VI | व्यवहार न्यायालय, रॉंची स्थित फास्टटैक कोर्ट एवं DLSA भवन में विद्युत अधिशठापन के वार्षिक मरम्मति एवं अतिरिक्त लाईट प्वाईट के वायरिंग का कार्य। | 12,74,600=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 35 दिन |
| VII | कॉंके रोड़ रॉंची स्थित मान्नीय मुख्य मंत्री आवास एवं आवासीय कार्यालय में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 10,48,358=00 | 2,500=00 | 21,000=00 | 35 दिन |
| VIII | व्यवहार न्यायालय, गुमला में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं अतिरिक्त कार्य। | 14,07,322=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 35 दिन |
| IX | बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारागार, होटवार, रॉंची के सुरक्षा लाईट, एल0ई0डी0 सिलिंग लाईट के बदलीकरण, 8 अदद् हाई मास्ट, फिडर पैनल, के बदलीकरण एवं मरम्मति का कार्य, एल0ई0डी0 बल्ब, टयूब लाईट, दिवाल पंखा, छत पंखा, एवं सर्विस केबल के अधिष्ठापन एवं छत पंखा और एक्जॉस्ट पंखा के रिवांडिग का कार्य। | 48,13,902=00 | 5,000=00 | 97,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.08.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 08.08.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 19.08.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 20.08.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची।

PR 358653 Energy(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"छोटे स्वार्थ निश्चय ही मनुष्य को भिन्न-भिन्न दलों में टुकड़े-टुकड़े कर रहे हैं, परंतु यदि मनुष्य चाहे तो ऐसा महासेतु निर्माण कर सकता है, जिससे समस्त विच्छिन्नता का अंतराल भर जाए।" - **हजारी प्रसाद द्विवेदी**

## संपादकीय

# भारत विजय और पाक पर वैश्विक मार

विपक्ष के संसद पूछे सवाल कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद कितने देशों ने भारत का साथ दिया। सरकार के जवाब के बाद अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सर्वसम्मत रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 समिति की रिपोर्ट में पहली बार टीआरएफ का नाम पहलगाम हमले में शामिल करने पर सभी सदस्य देशों की सहमति आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया की साझा लड़ाई बना दिया है। यह सर्वसम्मति पाकिस्तान के आतंकवाद को शह देने वाले रवैये पर एक वैश्विक मुहर है और यह दर्शाती है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब पाकिस्तान की दोहरी नीति से अवगत है और इसने भारत की कूटनीतिक ताकत को भी सिद्ध किया है, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया है कि चाहे आतंकवादियों को पालने वाला देश कितना भी छद्म रूप धारण करे, सच्चाई अंततः सामने आती ही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का यह निर्णय भारत के लिए एक बड़ी रणनीतिक और नैतिक जीत है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति की रिपोर्ट सर्वसम्मति से अपनाई जाती है, जिसका अर्थ है कि सभी स्थायी और अस्थायी सदस्य देशों की सहमति से यह दस्तावेज़ पारित हुआ। पाकिस्तान ने पहले इस रिपोर्ट से टीआरएफ का नाम हटवाने की भरपूर कोशिश की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने संसद में दावा किया था कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर दबाव डालकर टीआरएफ का नाम आधिकारिक बयान से हटवाया। जबकि निगरानी दल की विस्तृत रिपोर्ट में टीआरएफ को शामिल कर संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान के इस दबाव को स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया।रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले को टीआरएफ ने अंजाम दिया था और यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था। अमेरिका पहले ही टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि पहलगाम हमले को पांच आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। इसमें कहा गया है, ''टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी उसी दिन ली और साथ ही घटनास्थल की एक तस्वीर भी प्रकाशित की थी।'' रिपोर्ट के मुताबिक, एक सदस्य देश ने कहा है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था और टीआरएफ तथा लश्कर के बीच संबंध हैं।'' इसमें कहा गया है, ''एक अन्य सदस्य देश ने कहा कि हमला टीआरएफ ने किया था जो लश्कर का ही दूसरा नाम है। एक सदस्य देश ने इन दावों को खारिज किया और कहा कि लश्कर निष्क्रिय हो चुका है।'' ऐसा प्रतीत होता है कि जिस सदस्य देश ने दावा किया है कि लश्कर-ए-तैयबा निष्क्रिय हो चुका है, वह मुख्यतः पाकिस्तान है। हम आपको बता दें कि यह रिपोर्ट 2019 के बाद पहली बार लश्कर और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों का उल्लेख करती है।भारत ने हाल के वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है। इसके तहत भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका सहित विभिन्न देशों में पाकिस्तान को आतंकवाद का पोषक बताने में सफलता पाई। साथ ही फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाले जाने का बड़ा श्रेय भारत की सक्रिय कूटनीति को जाता है।



*संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का यह निर्णय भारत के लिए एक बड़ी रणनीतिक और नैतिक जीत है।*

# राम की सर्वव्यापकता




राम शब्द में दो अर्थ व्यंजित हैं। सुखद होना और ठहर जाना। अपने मार्ग से भटका हुआ कोई क्लांत पथिक किसी सुरम्य स्थान को देखकर ठहर जाता है। हमने सुखद ठहराव का अर्थ देने वाले जितने भी शब्द गढ़े, सभी में राम अंतर्निहित है, यथा आराम, विराम, विश्राम, अभिराम, उपराम, ग्राम

जो रमने के लिए विवश कर दे, वह राम

जीवन की आपाधापी में पड़ा अशांत मन जिस आनंददायक गंतव्य की सतत तलाश में है, वह गंतव्य है राम

भारतीय मन हर स्थिति में राम को साक्षी बनाने का आदी है। दुःख में हे राम, पीड़ा में ऐ राम, लज्जा में हाय राम, अशुभ में अरे राम राम, अभिवादन में राम राम, शपथ में रामदुहाई, अज्ञानता में राम जाने, अनिश्चितता में राम भरोसे, अचूकता के लिए रामबाण, मृत्यु के लिए रामनाम सत्य, सुशासन के लिए रामराज्य जैसी अभिव्यक्तियां पग-पग पर राम को साथ खड़ा करतीं हैं। राम भी इतने सरल हैं कि हर जगह खड़े हो जाते हैं। हर भारतीय उन पर अपना अधिकार मानता है। जिसका कोई नहीं उसके लिए राम हैं- निर्बल के बल राम। असंख्य बार देखी सुनी पढ़ी जा चुकी रामकथा का आकर्षण कभी नहीं खोता। राम पुनर्नवा हैं। हमारे भीतर जो कुछ भी अच्छा है, वह राम है। जो शाश्वत है, वह राम हैं।

सब-कुछ लुट जाने के बाद जो बचा रह जाता है, वही तो राम है। घोर निराशा के बीच जो उठ खड़ा होता है, वह भी राम ही है। सीमाओं के बीच छुपे असीम को देखना हो तो राम को देखिए।

कविवर राजेश जैन राही ने लिखा है कि रग रग में हैं राम, पग पग पै हैं राम,
राम का प्रमाण पूछ,देश न लजाइये।
शबरी के भाव में हैं,केवट की नाव में हैं, राम जी दिखेंगे, आप खुद को जगाइये।
राम संस्कार में हैं,आपस के प्यार में हैं,
भरत सरीखे आप भाई बन जाइये।
राम सुप्रभात में हैं,राम मीठी बात में हैं,
राम राम बोल, जग अपना बनाइये।

रीति काल के सुप्रसिद्घ आचार्य एवम् कवि मतिराम ने भी राम की वंदना की है और अपने चित में आराम हेतु राम से निवेदन किया हैः

मेरी मति मै राम हैं, कवि मेरे मतिराम।
चित मेरो आराम मै, हित मेरे आराम।

तुलसी के राम शील,शक्ति और सौंदर्य के आगार हैं। उनका शील समाज और राष्ट्र के लिए,शक्ति परित्राणाय साधुनाम,विनाशाय च दुष्कृताम और सौंदर्य भक्तों और प्रेमियों के लिए आकर्षण का अनुपम केन्द्र है।

तुलसी के सर्वेसर्वा राम हैं। तभी तो वे विनयपत्रिका में कहते हैंः

गाइए गणपति जगवंदन।
शंकर सुवन भवानी के नंदन।
सिद्धि सदन गजबदन विनायक।
कृपा सिंधु सुंदर सब लायक।
मोदक प्रिय मुद मंगल दाता।
विद्या वारिधि बुद्धि विधाता।
मांगत तुलसी दास कर जोरे।
बसहुँ राम सिय मानस मोरे।

अपने को दीन और राम को दयालु कहकर नाना रूपों में वे प्रभु श्रीराम से अपने नाते रिश्ते की घोषणा करते हैंः

तू दयालु, दीन हौं,तू दानी हौं भिखारी।
हौं प्रसिद्ध पातकी,तू पाप पुंज हारी।
हौं अनाथ,नाथ कौ,अनाथ कौन मौसों।
तोही मोही नाते अनेक,मानिए जो भावे।
दास तुलसी शरण आयो,चाहो अपनावे।

तुलसी तो स्वयं राम भक्त हैं ही वे संपूर्ण संसार को राम भक्त बनाना चाहते हैं।जिनके मुखारविंद से राम नाम नहीं निकलता, उनकी जिह्वा रसना नहीं, चाम है और मुख में चाम को रखने की आवश्यकता नहीं, उसे तो खींच कर निकाल देना ही बेहतर हैः

तुलसी रसना वह भली,निशिदिन निकसे राम।
नाहीं तै खैंच निकारिए,मुख में भली ना चाम।

तुलसी तो राम नाम लेने वाले के लिए उनकी पगतरी( जूती) हेतु अपने शरीर का चाम देने तक तैयार हो जाते हैंः

तुलसी जिनके मुखन ते,भूलेहु निकसत राम।
उनके पग की पगतरी, मेरे तन को चाम।

तुलसी ने राम के चरित्र पट को अनगिनत विलक्षण तन्तुओं से बुना है। ये तंतु हैंः-हृदय स्वच्छता, कर्तव्य परायणता, मर्यादा रक्षा,कोमलता, परदुखकातरता, अहंकार शून्यता, अतुलनीय नम्रता, मनोवांछित विह्वलता, शरणागत वत्सलता, अनुपम उदारता, संकोचशीलता,उन्मुक्त सद्भावना, निरंतर आशावादिता, शिशुसुलभ सरलता, दानशीलता, अनाडम्बर,धार्मिकता आदि।

राम के व्यक्तित्व में कर्म की कठोरता और भावना की कोमलता दोनों का मणिकांचन संयोग है।वे एक साथ महापुरुष के रूप में वरेण्य, इष्टदेव के रूप में पूज्य, परब्रह्म परमात्मा के प्रतीक के रूप में स्वीकार्य हैं।इतिहास के श्रीराम का व्यक्तित्व भले ही काल की धूलि से धूमिल हुआ हो,किंतु श्रीरामचरितमानस के श्रीराम की भास्वरता कभी कम न हुई न होने की संभावना है।क्षत्रिय ब्राह्मण के संघर्ष काल में श्रीराम ने विश्वामित्र के आश्रम में आकर क्षत्रिय- ब्राह्मण प्रेम की गांठ बांधी,मिथिला जाकर क्षत्रिय के बीच प्रेम प्रदर्शित किया,वनवास की अवधि में उन्होंने अपने मृदुल व्यवहार से निषाद के हृदय को जीता और ब्राह्मणों-अंत्यजों को प्रेम डोर में बांध दिया। फिर आगे बढ़ने पर किष्किंधा में आर्यों अनार्यों का प्रेम सूत्र बांधा तथा लंका पहुंच कर भारतीय एवम् अभारतीयों को एकता के सूत्र में जकड़ डाला।किष्किंधा और लंका को स्वायत शासन प्रदान कर उन्होंने राजनीति को एक नई मोड़ दी तथा अंत में रामराज्य की स्थापना करके अखिल विश्व के लिए सार्वकालिक कल्याणकारी आदर्श समुपस्थित कर दिया।श्री राम के गरिमामय जीवन के ये हैं सात काण्ड,जिनका गोस्वामीजी ने मानस के सात कांडों में बड़ी ही कुशलता एवम् भावप्रवणता के साथ उद्घाटन किया है।राम का स्वभाव है आत्मविकत्था एवम् अहंकार शून्यता।अपने को गौण कर दूसरों को गरिमा प्रदान करने वाले श्रीराम के जैसा दूसरा चरित्र संसार में दुर्लभ है।वे करुणा, मंगल क्षेम और सत्य के प्रतीक हैं।कविवर गोवर्धन प्रसाद सदय ने अपने महाकाव्य रामाख्यान में लिखा हैः

राम प्रतीक निरामय उसके,जिसके मन में प्रेम रहे।
प्राणिमात्र के लिए हृदय में,करुणा मंगल क्षेम रहे।
रामकथा तो उसकी निष्ठा की प्रेम कहानी है।
सत्य न्याय के लिए सदा,संघर्ष व्रती जो प्राणी है।
अस्तु राम व्यक्ति नहीं आदर्श की प्रतिमूर्ति हैंः
राम व्यक्ति को नहीं, वृति को प्राप्त हुई संज्ञा है।
राम हमारा चिंतन दर्शन,प्रीति प्रकृति प्रज्ञा है।
राम चिरन्तन जीवनमूल्यों का स्वार्णाभ शिखर हैं।
राम हमारी संस्कृति का सारस्वत हस्ताक्षर हैं।
राम हमारा धर्म,हमारा कर्म,हमारी मति है।
राम हमारी भक्ति, हमारी शक्ति, हमारी गति है।
बिना राम के आदर्शों का चरमोत्कर्ष कहाँ है?
बिना राम के इस भारत में भारत वर्ष कहाँ है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डा जंग बहादुर पाण्डेय' तारेश'**
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग

## कैसे हमारी तरंगें हमारे मित्रता को आकार देती हैं

लोगों को मित्र या शत्रु कहकर लेबल करना उचित नहीं है। बस एक बात याद रखिए अगर आपका समय अच्छा चल रहा है, तो आपका सबसे बड़ा शत्रु भी आपकी मदद करने आएगा और अगर समय खराब है, तो आपका सबसे अच्छा मित्र भी शत्रु जैसा व्यवहार करेगा। दो प्रकार के लोग नहीं होते, बस समय होता है। इसीलिए संस्कृत में कहा गया है, 'कालाय तस्मै नमः।' समय जैसा होता है, वैसे ही हमारे अनुभव इस संसार में होते हैं। समय लोगों की समझ और व्यवहार को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने चारों ओर देखिए, स्वयं को देखिए। आपके विचार और दृष्टिकोण भी वर्षों में बदले हैं। आप वह व्यक्ति नहीं हैं जो पाँच साल पहले थे। जब हम लोगों के शब्दों और कर्मों को अधिक महत्व देते हैं, तो हम अपनी खुशी दूसरों के हाथ में दे देते हैं। शब्द और व्यवहार कभी भी बदल सकते हैं। इसलिए अपनी खुशी को दूसरों की बातों या बर्ताव से जोड़ना समझदारी नहीं है। कभी-कभी आप स्वयं भी ऐसी बातें कह देते हैं जिनका वास्तव में कोई मतलब नहीं होता। सोचिए, अगर लोग उन्हीं बातों को पकड कर बैठ जाएँ और आपके भीतर छिपे भाव को न समझें - तो कैसा लगेगा? अच्छा तो नहीं लगेगा। आप चाहेंगे कि लोग आपके शब्दों के पार भी आपको समझें लेकिन क्या आप दूसरों के लिए ऐसा करते हैं? बहुत कम। आप दूसरों के कहे शब्दों को वर्षों तक सीने से लगाए रखते हैं। क्या पता उन्होंने जो कहा, वह उनका मतलब ही न रहा हो। माँ अक्सर कहती है, "चले जा यहां से!" पर सोचिए, अगर बच्चा सच में चला जाए तो उस माँ की क्या हालत होगी? लोगों को मित्र या शत्रु की श्रेणी में डालने की बजाय, सकारात्मक तरंगें उत्पन्न करना ज्यादा बुद्धिमानी है। अपने स्वभाव में मैत्रीपूर्ण बनें। क्या आप किसी चिड़चिड़े व्यक्ति के साथ काम करना चाहेंगे? या किसी अहंकारी, कठोर व्यक्ति के साथ रहना चाहेंगे? आप स्वयं से पूछिए - क्या ये गुण आपके अंदर हैं? क्या आप चिड़चिड़े हैं? क्या आपमें अहंकार है? क्या आप दूसरों से कठोरता से पेश आते हैं? दूसरों को देखने से पहले स्वयं को देखना बेहतर है। हम शब्दों से कम, और अपनी तरंगों से कहीं अधिक संप्रेषण करते हैं। मैं यहाँ बैठकर दो घंटे प्रेम पर प्रवचन दे सकता हूं। शांति के बारे में ऊँची आवाज़ में बोल सकता हूं। लेकिन मैं आपको बताता हूँ, इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। असर इस बात का पड़ता है कि हम वास्तव में क्या हैं। प्रेम पर दो घंटे का भाषण उस तीस सेकंड के सामने कुछ नहीं जब आपका पालतू कुत्ता दौड़कर आपके पास आता है। आप तुरंत प्रेम अनुभव करते हैं। आप सिर्फ एक शिशु को देखकर ही प्रेम से भर जाते हैं। ऐसे भावनाओं को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता, इन्हें महसूस किया जाता है। इसलिए हमारा होना, हमारी तरंगें, हमारी बातों से कहीं ज्यादा मायने रखती हैं। सच्चा संवाद तरंगों के माध्यम से होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**श्री श्री रवि शंकर**

# राक्षस रुपी भ्रष्टाचार कब समाप्त होगा ?

भारतवर्ष, जिसने अपने इतिहास में राम, कृष्ण और विवेकानंद जैसे नैतिक शिखरों को जन्म दिया, आज एक ऐसे राक्षस से जूझ रहा है, जिसका न तो कोई स्पष्ट रूप है और न ही कोई एक चेहरा — यह राक्षस है भ्रष्टाचार। यह न केवल आर्थिक संसाधनों को चूस रहा है, बल्कि नैतिकता, जिम्मेदारी, और जनविश्वास की जड़ों को भी खोखला कर रहा है। यह ठीक उसी प्रकार है जैसे रावण और महिषासुर ने देवताओं और मानवता को आतंकित किया था, उसी तरह आज के भ्रष्टाचारी देश की आत्मा का गला घोंट रहे हैं। भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है "चरित्र या नैतिकता का पतन"। जब कोई व्यक्ति या संस्था, अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सत्ता, पद या अधिकार का दुरुपयोग करती है, तो वह भ्रष्टाचार की परिधि में आता है। यह कोई आधुनिक बीमारी नहीं, बल्कि एक पुरानी सामाजिक व्याधि है, जिसका उल्लेख हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। मनुस्मृति में कहा गया है "राजा का कर्तव्य है कि वह दण्ड से ही समाज में व्याप्त दोषों का शमन करे।" अर्थात्, शासन की निष्क्रियता ही भ्रष्टाचार के विस्तार की मुख्य वजह बनती है। आज कोई भी सरकारी दफ्तर हो या निजी कार्यालय, मंत्रालय हो या पंचायत भवन, शिक्षा संस्थान हो या अस्पताल भ्रष्टाचार ने हर व्यवस्था को अपनी जकड़ में लिया है। किसी भी साधारण कार्य जैसे जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, स्कॉलरशिप, टीसी, मार्कशीट या डिग्री प्राप्त करने के लिए "पेपरवेट" यानी घूस देना आवश्यक हो गया है। यह "पेपरवेट सिंड्रोम" एक नए भारत की त्रासदी बन गई है। आम नागरिक जो पहले सेवा लेने जाता है, वह अंततः मानसिक पीड़ा, आर्थिक शोषण और समय की बर्बादी के साथ लौटता है। जैसे राक्षस मानवों का खून पीते थे, वैसे ही ये भ्रष्ट अधिकारी और बाबू आम जनता के अधिकारों और उम्मीदों का शोषण करते हैं। सबसे दुखद पहलू यह है कि जिन शिक्षण संस्थानों से नैतिकता, ईमानदारी और समाज सेवा की शिक्षा मिलनी चाहिए, वे स्वयं भ्रष्टाचार के अखाड़े बन गए हैं। किसी छात्र को मार्कशीट चाहिए, डिग्री लेनी है, किसी को पीएच.डी. के रजिस्ट्रेशन में सहयोग चाहिए हर जगह फिक्स रेट कार्ड बन चुका है। यह भस्मासुर संस्कृति है। जिसे सत्ता या पद मिलता है, वह उसी को नष्ट कर रहा है जिसका उसे निर्माण करना था। शिक्षकों, प्राध्यापकों, कुलसचिवों, कुलपतियों और प्रशासकों की जवाबदेही अब 'शिक्षा' नहीं रही, बल्कि 'सुविधा शुल्क' बन गई है। यह दृश्य भारत के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस व्यवस्था की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे यह शाश्वत हो गया है। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब अन्याय बढ़ा है, तब-तब क्रांति की चिन्गारी भी भड़की है। स्वतंत्रता संग्राम हो, आपातकाल का विरोध हो या अन्ना आंदोलन, भारत की जनता ने हर बार आवाज़ उठाई है। परंतु अब जरूरत भावनात्मक आंदोलनों से ज्यादा संस्थागत सुधारों की है। अमेरिका, स्वीडन, डेनमार्क, जापान जैसे देशों में जवाबदेही का स्पष्ट ढांचा है। किसी भी लोकसेवक के खिलाफ कार्यवाही त्वरित होती है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम, फाइल मूवमेंट मॉनिटरिंग, और फीडबैक आधारित मूल्यांकन प्रणाली लागू हैं। भारत में RTI और लोकपाल जैसी व्यवस्थाएं बनी जरूर हैं, परंतु उन्हें राजनीतिक संरक्षण और जनभागीदारी की दरकार है। आम नागरिक को शिक्षित और सजग बनाना होगा, तभी ये उपकरण प्रभावी सिद्ध होंगे। इस राक्षस को समाप्त करने के लिए समाधान की दिशा में संभावित पहल यह हो सकती है कि शिक्षा में नैतिक शिक्षा अनिवार्य हो। भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के लिए इसकी रोकथाम बचपन से ही करनी होगी। पाठ्यक्रमों में नैतिकता, कर्तव्य बोध, और सेवा भावना पर आधारित विषयों को शामिल किया जाए। सभी विभागों में कार्यों को डिजिटल और ट्रैक योग्य बनाया जाए। घूस के लिए कोई जगह न रहे। भ्रष्टाचारियों को केवल प्रशासनिक दंड ही नहीं, बल्कि सामाजिक बहिष्कार का सामना भी करना चाहिए। उन्हें 'सम्मान' की जगह 'अपमान' मिलना चाहिए। शिक्षा संस्थानों में एंटी-करप्शन क्लब बनाए जाएं। शिक्षक छात्रों में चेतना जगाएं और छात्रों को प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता के प्रति सजग बनाएं। भारतीय धर्मग्रंथों में कहा गया है "धर्मो रक्षति रक्षितः" जब धर्म का पालन होता है, तब धर्म भी उसकी रक्षा करता है। धर्म की भावना अर्थात सत्य, न्याय, करुणा, सेवा को जीवन में अपनाना। भ्रष्टाचार कोई राक्षस नहीं, यह हमारी चुप्पी, सुविधा और नैतिक कमजोरी का परिणाम है। जब-जब समाज ने उसे पहचानकर चुनौती दी है, तब-तब उसका अंत भी हुआ है। आज फिर जरूरत है उस राम, कृष्ण या गांधी की, जो इस राक्षस का संहार करे पर वह कोई और नहीं, हम स्वयं बन सकते हैं। यदि हम एक शिक्षक, छात्र, अधिकारी, पत्रकार, व्यापारी या आम नागरिक के रूप में अपने दायित्वों को समझें और गलत को सहना बंद कर दें तो यह राक्षस कभी का दम तोड़ देगा। नहीं तो यह हमें, हमारे बच्चों को और हमारी पीढ़ियों को निगलता रहेगा। "जब तक भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक-एक भारतीय नहीं उठेगा, तब तक यह राक्षस हमें रोज़ खाता रहेगा और हम बस 'कब खत्म होगा?' पूछते रह जाएंगे।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बागी कहलाया वही, जिसने पूछे प्रश्न।
इसी एक अपराध ने, दागे कितने कृष्ण।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वर्ल्ड वाइड वेब : सीमाओं के पार सूचना की स्वतंत्र उड़ान

वर्ल्ड वाइड वेब दिवस 1 अगस्त पर विशेष

इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई? वर्ष 1989 में 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 8 जून 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सैट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही 'WWW' से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए 'इनक्वायर' नामक एक प्रोग्राम तैयार किया था। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी। दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तुत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर 'WWW' की शुरूआत 1991 में हुई। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं। वैसे तो आज दुनियाभर में हर कोई इस बात से परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। दरअसल वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के? मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढ़ेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं। दरअसल सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है, जो विभिन्न प्रोग्राम्स के तहत कार्य करता है और इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है। यही नहीं, इन पृष्ठों की संख्या में आए दिन वृद्धि होती जाती है। यह वेब आधारित एक ऐसी विशेष साइट है, जिसकी सहायता से आप किसी भी विषय पर एकत्रित की गई सूचनाओं तक आसानी से पहुंच सकते हैं।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**योगेश कुमार गोयल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

धान अधिप्राप्ति योजना की समीक्षा बैठक

# उपायुक्त ने दिए समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति योजना को शत-प्रतिशत पूर्ण करना था। बताया गया कि जिले के 23 लैंपसों के माध्यम से धान की खरीद की गई थी, जिसमें 11 किसानों का द्वितीय किस्त का भुगतान लंबित है। उपायुक्त ने लैंपस अध्यक्षों एवं सचिवों को निर्देश दिया कि जो मिलरों को धान अब तक जमा नहीं की गई है, उसे आज शाम 5 बजे तक यथाशीघ्र जमा करें। मिलरों को भी निर्देशित किया गया कि वे लैंपसों से शेष धान लेते हुए, चावल आपूर्ति कार्यालय को शीघ्र समर्पित करें, ताकि लंबित किसानों को द्वितीय किस्त का भुगतान समय पर हो सके और योजना को पूर्ण किया जा सके। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, लैंपस अध्यक्ष-सचिव, मिलर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीसी ने जनता दरबार में 30 आवेदनों पर की सुनवाई



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार के सामने गुरुवार को कुर्सी-टेबल लगाकर जनता दरबार का आयोजन किया। इस दरबार में जिले के शहरी एवं सुदूरवर्ती इलाकों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त महोदया ने सभी की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में विभिन्न विषयों से जुड़ी शिकायतें व सुझाव सामने आए। आंगनबाड़ी सेविका ने मानदेय कटौती एवं आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका-सहायिका चयन में गड़बड़ी की शिकायत की। ग्रामीणों ने भूमि की अवैध रजिस्ट्री को रद्द करने, अबुआ आवास योजना की दूसरी किस्त जारी करने, धोखाधड़ी से पैसा लेने के खिलाफ कार्रवाई, ब्लैक टॉप पथ का निर्माण, जमीन का पोजीशन दिलाने, अवरुद्ध सड़क को खोलने एवं पूर्ण आवागमन बहाल करने की मांग रखी। इसके अलावा सूखे पेड़ की कटाई, आवास योजना का लाभ, जमीन बिक्री में धोखाधड़ी, अनुकंपा पर नियुक्ति, बिजली प्रमाण पत्र जारी करने, अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने, लाल राशन कार्ड को पीला राशन कार्ड में बदलने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, धुमकुड़िया भवन निर्माण के लिए कार्य आदेश जारी करने, अपूर्ण पीसीसी पथ का निर्माण और जमीन विवादों के समाधान संबंधी आवेदन भी आए।जनता दरबार में कुल 30 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पहल से आम लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ।

## केलाघाघ रोड पर जलजमाव की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने किया स्थलीय निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** नगर क्षेत्र के केलाघाघ रोड में लंबे समय से चल रही जलजमाव की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने गुरुवार को नगर परिषद के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा।नगर परिषद के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जल्द ही इसका टेंडर दो दिनों के भीतर जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से स्थायी ढंग से जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल के लिए स्टोन डस्ट भरकर अस्थायी राहत दी जाएगी ताकि स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को परेशानी न हो।निरीक्षण के दौरान नगर परिषद सिटी मैनेजर अर्पण इंदवार, भाजपा जिलाध्यक्ष, स्थानीय पार्षदगण तथा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे। अधिकारियों ने पूर्व मंत्री को आश्वस्त किया कि इस बार कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में जलजमाव के कारण स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहनों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कई बार दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस समाधान अब तक नहीं हुआ था।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मैं हर स्तर पर प्रयास करूंगी। यह समस्या अब और नहीं झेलनी पड़ेगी।स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और नगर परिषद से शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई।

## सिमडेगा में नवभारत उल्लास प्रशिक्षण शुरू साक्षरता अभियान को मिली नई गति

नवीन मेल संवाददाता




● 74,916 निरक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य

**सिमडेगा।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवभारत उल्लास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम एवं विशिष्ट अतिथि राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।प्रशिक्षण सत्र में राज्य संसाधन समूह के प्रेम कुमार शर्मा एवं अभिषेक रंजन ने जिले के सभी बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, डीआरजी और अन्य हितधारकों को उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने प्रतिभागियों से कहा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और इसके पश्चात अपने क्षेत्रों में जाकर निरक्षरों की ऑनलाइन एंट्री कर उन्हें जनचेतना केंद्रों से जोड़ें।राज्य नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार निराला ने बताया कि इस अभियान के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षरों का सर्वे कर ऑनलाइन इंट्री करनी है। प्रत्येक 10 लर्नरों पर एक स्वयंसेवी शिक्षक को नियुक्त कर उन्हें जिले के चिन्हित विद्यालयों (जनचेतना केंद्र) में लाकर साक्षर बनाना है। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले में 74,916 असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।प्रशिक्षण के बाद अधिकारियों ने शहर के विभिन्न जनचेतना केंद्रों का निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक रंजन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रेम कुमार शर्मा ने किया।मौके पर बीईईओ अरुण कुमार पांडे, तपन सतपति, बीपीओ देशबंधु शास्त्री, अनिल खलखो, जया रश्मि, प्रमिला बड़ाइक, नीलिमा कुजूर, मनमोहन गोस्वामी सहित जिले भर से आए सीआरपी, डीआरजी और अन्य हितधारक उपस्थित थे।

## प्रधान जिला जज एवं सचिव ने सिमडेगा कारामंडल का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा,जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण कर जेल व्यवस्थाओं एवं बंदियों के हितार्थ संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान जेल किचन में भोजन व्यवस्था सहित खाने और बंदियों के उपयोग के लिए अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक,जेल अस्पताल,वीसी एवं कियोस्क कक्ष,मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी निरीक्षण कर स्वच्छता व हाईजीन के बारे में जानकारी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों से संवाद कर समस्याएं भी पूछी तथा उचित मामलों में न्यायालय एवं प्राधिकार द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को निर्देशित किया। बंदियों के जमानत और रिहाई की जानकारी लेकर प्राधिकार को जरूरी निर्देश दिए। प्रधान जिला जज ने कहा कि जेल प्रशासन वैसे बंदियों की सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराएं जिन्हें न्यायालय द्वारा जमानत प्रदान की गई है,लेकिन जमानतदार के नहीं आने के कारण वे जेल से बाहर नहीं जा सके हैं। उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रधान जिला जज द्वारा मंडल कारा के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचित करते हुए उन लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जेल में बंद कैदियों से उन्होंने जेल से मिलने वाले भोजन,स्वास्थ्य सुविधा,रख रखाव आदि के बारे जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडीजे और प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम ने महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे छोटे बच्चों को भी जेल मैन्युअल के मुताबिक आवश्यक सुविधा देने के निर्देश दिए। मौके पर जेल अधीक्षक अजय कुमार,जेलर यूसुफ आजाद,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव मौजूद थे।

## हेठमा मोड़ पर सड़क हादसा, एक की मौत, पांच घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के हेठमा मोड़ के समीप गुरुवार दोपहर को हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,वहीं पाँच लोग घायल हो गये मृतक की शिनाख्त शिलानन्द लकड़ा पिता स्व० लेवनाथ लकड़ा निवासी बैधमा थाना कुरडेग के रूप में हुई । घायलो में अनिल लकड़ा , रोमानुस टोप्पो गजमारा , जोनसन टोप्पो , कुशलचन्द बैधमा एवं प्रेमशिला छाताकाहू थाना कुरडेग शामिल हैं । घटना के संबन्ध में मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग सिमडेगा से मछली जीरा लेकर गाँव वापस लौट रहे थे । इसी क्रम में अत्यधिक तीव्र गति होने से हेठमा मोड़ के समीप चालक वाहन पर नियत्रंण खो दिया जिससे वाहन पक्की सड़क पर पलट गई । इसी बीच कुरडेग अंचल पुलिस निरिक्षक श्री दिनेश प्रजापति सिमडेगा जाने के क्रम में मौके पर पहुँच गये और सभी घायलो को ऑटो के माध्यम से ईलाज के लिए कुरडेग सी एच सी भिजवाया ।

## फुटबॉल के बालक वर्ग में सोगड़ा भीखाटोली और बालिका वर्ग में सैंडीह की टीम बनी विजेता



नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड़।** के सोगड़ा में संत लोयला पर्व के मौके पर बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में सोगड़ा भीखाटोली ने कड़े संघर्ष के बाद पेनल्टी शूटआउट में 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में सैंडीह की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सोगड़ा घोयोटोली को 1-0 से पराजित कर जीत अपने नाम की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को जोसिमा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का आधार है। सोगड़ा जैसी ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल जैसे खेलों का आयोजन यह साबित करता है कि प्रतिभा केवल शहरों में नहीं। बल्कि गांवों में भी कूट-कूट कर भरी है। हमें इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार अवसर देने होंगे। जोसिमा खाखा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विधायक भूषण बाड़ा द्वारा खेल के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

## पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी की गर्दन पर किया वार, हालत गंभीर

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना अंतर्गत अघरमा के टीमकी टोली में गुरुवार को पारिवारिक विवाद के बाद एक पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, टीमकी टोली निवासी रंजन बा का किसी घरेलू मुद्दे को लेकर अपनी पत्नी संजू बा से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और रंजन ने घर में रखी तेजधार कुल्हाड़ी से संजू के गले पर वार कर दिया। इस हमले में संजू बुरी तरह घायल हो गई।परिजनों ने गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल बसिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, गांव में शोक का माहौल

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना अंतर्गत कोरोमिया गांव में गुरुवार को खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लिबनुस केरकेट्टा के रूप में हुई है, जो पेशे से किसान था और खुद का ट्रैक्टर चलाकर खेती-किसानी करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लिब्रूस अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। खेत में अत्यधिक कीचड़ होने के कारण ट्रैक्टर फंस गया। ट्रैक्टर को निकालने की कोशिश में मशीन असंतुलित होकर पलट गई और लिब्रूस उसके नीचे दब गया।घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे परिजन व ग्रामीणों की मदद से सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर सिमडेगा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने सरकार से मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संत इग्नासियुस पर्व पर जैसयुट सोसायटी के धर्मगुरुओं को विधायक ने दी बधाई, कहा

# संसारिक मोह का त्याग कर सेवकाई में जुटे थे संत

● विधायक ने चर्च पहुंचकर पुरोहितों को बुके देकर पर्व की बधाई दी और समारोह को संबोधित किया

नवीन मेल संवाददाता



**पाकरटांड़।** येशु समाज के संस्थापक संत इग्नासियुस लोयला का पर्व सोगड़ा चर्च में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा चर्च पहुंच कर चर्च में उपस्थित सभी पुरोहितों को बुके देते हुए पर्व की बधाई दी। मौके पर विधायक ने संत इग्नासियुस लोयला पर्व के मौके पर आयोजित समारोह को भी संबोधित किया। साथ ही कहा कि संत इग्नासियुस लोयला ने संतों के जीवनी का अध्ययन कर महान संतो के आदर्श और गुणों का अनुकरण किया। संसारिक मोह का त्याग कर सेवकाई के कार्य में जुटे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने प्रार्थनामयी सेवकाई जीवन से ईश्वर के निकट आते गए। इसी कारण उन्हें एक संत का दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि येसु ख्रीस्त ही हमारे जीवन का केन्द्र बिंदु है। मौके पर चर्च परिसर में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन पल्ली पुरोहित फा सिलबानुस केरकेट्टा, फा एलेक्सियुस किंडो आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इधर जोसिमा ने भी संत इग्नासियुस लोयला पर्व की बधाई दी। साथ ही संत इग्नासियुस लोयला के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। इधर विधायक ने संत मेरीज स्थित जेसयुट सोसाईटी में मौजूद सभी पुरोहितों को बुके देकर संत लोयला पर्व की बधाई दी। बीरु में डीन सह पल्ली पुरोहित फा हेरमन खलखो,खंजालोया में फा रंजीत डुंगडुंग, तामड़ा में फा पौलुस, क्रुसकेला चर्च में फा चंदन एवं फा प्रवीण मिंज को भी चर्च परिसर पहुंच संत लोयाला पर्व की बधाई दी। सोगड़ा चर्च में आयोजित कार्यक्रम में डीकन विनय कुजूर, उप प्रमुख सिलबेस्तर बाघवार, विधायक प्रतिनिधि शीलत एक्का, लुसियन मिंज,समीर किंडो, विक्टर खेस, प्रतिमा कुजूर,उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा आदि उपस्थित थे।

## डेली मार्केट पीपल पेड़ के पास विक्षिप्त व्यक्ति का पुलिस ने बरामद किया शव

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के डेली मार्केट पीपल पेड़ के पास मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति का पुलिस ने बरामद किया शव। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना के सब इंस्पेक्टर रामनाथ राम घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने क जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।बताया जा रहा है कि कई दिनों से बेसिक व्यक्ति इस पेड़ के नीचे बैठा रहता था। इधर उसकी मौत कब हुई इसका किसी को पता नहीं दुर्गंध आने पर इसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस छानबीन कर रही है।

# न्यूज बॉक्स

## बानो विद्यालय में घुसे जंगली हाथी, अनाज खाकर किया नुकसान



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार रात्रि दो जंगली हाथियों ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुकेदा में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने विद्यालय का दरवाजा तोड़कर गोदाम में रखे दो बोरा चावल और एक बोरा दाल खा लिया। साथ ही अन्य अनाज को भी बर्बाद कर दिया।हाथियों के उत्पात की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मशाल जलाकर शोर मचाया और हाथियों को गांव से बाहर खदेड़ा। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामधन लुगुन ने घटना की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक रन्तु साहू सहित शिक्षकों रामकिशोर सिंह और रमेश नायक को दी।ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड अक्सर रात्रि में गांव में प्रवेश कर रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## सिमडेगा की बेटी देवंती कुमारी ने रचा इतिहास एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में पाई 54वीं रैंक

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है, जब जिले की प्रतिभाशाली बेटी देवंती कुमारी नेएमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुसूचित जनजाति श्रेणी में राज्य स्तर पर 54वीं रैंक हासिल की है। देवंती की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे झारखंड, विशेषकर गोंड आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है देवंती कुमारी जामबाहर गांव की निवासी हैं। उनके पिता लहरू प्रधान एक साधारण किसान हैं। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद देवंती ने दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम और लगन से सफलता की यह ऊंचाई छुई।उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नवोदय विद्यालय से प्राप्त की, तत्पश्चात कोलेबिरा के बागे कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई विज्ञान विषय से की, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट अंक अर्जित किए। डॉक्टर बनने का सपना संजोए देवंती ने कठिन मेहनत से मेडिकल परीक्षा की तैयारी की और अपने पहले प्रयास में यह ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की।इस उपलब्धि पर झारखंड प्रदेश गोंड़ आदिवासी महासभा की अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने उन्हें आशीर्वाद दिया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, "देवंती जैसी बेटियां हमारी समाज की पहचान हैं, इन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। देवंती की यह सफलता सिमडेगा समेत पूरे झारखंड के युवाओं को यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

## बुरुईरगी गटीगढ़ा में लगा नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों में खुशी की लहर



**बानो।** बानो प्रखंड के बेड़ाइरगी पंचायत अंतर्गत बुरुईरगी गटीगढ़ा गांव में गुरुवार को वर्षों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में लंबे समय से बाधित बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।नए ट्रांसफार्मर के उद्घाटन अवसर पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजीत कुंडलना, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर अंसारी एवं पंचायत अध्यक्ष किरण कंडुलना मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें बुधवा आईंद, सोमा सुरीन, बंधना होरो, ओनीला बागे समेत अन्य शामिल थे।ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफारमर लंबे समय से खराब था, जिससे गांव में अंधेरा पसरा था। बिजली की अनुपस्थिति से बच्चों की पढ़ाई, खेतों की सिंचाई और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे थे। अब बिजली आपूर्ति बहाल होने से जनजीवन सामान्य हो गया है।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अजीत कुंडलना ने कहा, "गांव के हर जरूरी विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहें।"स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा जताई।

## कॉलेज में परीक्षा फॉर्म को लेकर आदिवासी छात्र संघ की पहल, प्राचार्य से की मुलाकात

**सिमडेगा।** सिमडेगा कॉलेज के विद्यार्थियों की परीक्षा फॉर्म से जुड़ी समस्याओं को लेकर आदिवासी छात्र संघ और कॉलेज छात्र संघ ने मिलकर कॉलेज प्रशासन से गुहार लगाई है। इसी क्रम में गुरुवार को कॉलेज छात्र संघ के उपाध्यक्ष अनमोल तिर्की और आदिवासी छात्र संघ के जिलाध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने कॉलेज के प्राचार्य देवराज प्रसाद से मुलाकात की।छात्र संघ उपाध्यक्ष अनमोल तिर्की ने बताया कि तकनीकी कारणों, सूचना की कमी या अन्य समस्याओं के चलते कई विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे छात्रों को एक बार पुनः अवसर दिया जाए ताकि उनका शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो।वहीं आदिवासी छात्र संघ के जिलाध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने रांची विश्वविद्यालय के पूर्व निर्णयों की प्रतिलिपि सौंपते हुए मांग की कि विश्वविद्यालय पोर्टल को कुछ समय के लिए दोबारा खोला जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पहले भी कई बार छात्रों को पुनः अवसर देता रहा है, ऐसे में इस बार भी छात्रहित में निर्णय लिया जाना चाहिए।प्राचार्य देवराज प्रसाद ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वह मामले को संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुंचाएंगे और छात्रहित में उचित पहल की जाएगी।

## जूनियर केम्ब्रिज स्कूल में तुलसीदास एवं प्रेमचंद जयंती समारोह संपन्न

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल, सिमडेगा में गुरुवार को महान संतकवि गोस्वामी तुलसीदास और लेखक मुंशी प्रेमचंद की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और प्रधानाचार्या पी. एल. केरकेट्टा ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पण कर की गई। तत्पश्चात छात्रों ने तुलसीदास जी के प्रसिद्ध दोहों का सस्वर पाठ किया और उनके जीवन से जुड़े शिक्षाप्रद प्रसंगों को साझा किया।वहीं दूसरी ओर, मुंशी प्रेमचंद की कहानियों 'ईदगाह', का बच्चों के वाचन किया गया, जिसमें नैतिक मूल्यों, सच्चाई और सामाजिक सरोकारों को उकेरा गया।प्रधानाचार्या पी. एल. केरकेट्टा ने अपने संबोधन में कहा, तुलसीदास जी और प्रेमचंद जी भारतीय साहित्य के दो ऐसे स्तंभ हैं जिन्होंने समाज को दिशा दी है। बच्चों को उनके विचारों और मूल्यों से सीख लेकर जीवन में उतारना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने छात्रों को तुलसीदास जी की भक्ति भावना और प्रेमचंद जी की यथार्थ दृष्टि से प्रेरित होकर सदैव सच्चाई, सहिष्णुता और सेवा भाव के साथ जीवन जीने का संदेश दिया।

## बोलबा प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने नए थाना प्रभारी से किया शिष्टाचार मुलाकात

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी ने गुरुवार को नए थाना प्रभारी किया शिष्टाचार मुलाकात। इस मौक़े पर सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो की अगुवाई में नए थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू मुलाकात किया। इस मौक़े पर बात चीत के दौरान क्षेत्र की कई समस्याओ के बारे अवगत कराया गया। थाना प्रभारी ने छेत्र शांति एवं अमन - चैन के लिए हरसम्भव लोगों की मदद की जाएगी। इस मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, सभी पंचायत के अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास,रोशन बरला, रोशनी ,मामता. केरकेट्टा, संजय, रमेश टोप्पो, ज्वलंत बेक, अन्तोनी केरकेट्टा,तेलेसफोर तिर्की,अम्रीत मिंज, सुमीत मिंज,बासिल डूंग डूंग, जेम्स सोरेंग एवं अन्य लोग मौजूद थे।

हॉर्न बजाया तो हुई बेरहमी से पिटाई!

# दिल्ली में रोडरेज ने 3 को किया लहूलुहान

- द्वारका सेक्टर-10 में हॉर्न बजाने को लेकर सात-आठ लोगों ने हमला किया।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में रोडरेज की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहले मामले में, द्वारका सेक्टर-10 में एक स्वल्पाहार गृह में हॉर्न बजाने से नाराज एसयूवी सवार सात से आठ लोगों ने कथित तौर पर दो लोगों पर बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला कर दिया। यह घटना 27 जुलाई को देर रात करीब 2.30 बजे हुई, जब छावला गांव के रहने वाले और रोहिणी अदालत में कार्यरत मनोज अपने दोस्तों कुणाल और नागेंद्र के साथ भोजन लेने के लिए इलाके में स्थित एक स्वल्पाहार गृह में गए थे। कार चला रहे मनोज ने वेटर को बुलाने के लिए हॉर्न बजाया, जिससे वहां पहले से खड़ी एक थार और बीएमडब्ल्यू कार के पास खड़े कुछ लोग नाराज हो गए प्राथमिकी में कहा गया है, ''थार गाड़ी के पास खड़े एक आदमी को हॉर्न बजाना बुरा लगा और उसने हमें गालियां देनी शुरू कर दीं। इससे पहले कि हम कुछ कर पाते, बीएमडब्ल्यू और थार से सात-आठ आदमी उतर आए और मुझे पीटने लगे।'' जब कुणाल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उसे भी घसीटा गया और पीटा गया। हमलावरों ने कथित तौर पर पत्थरों और बीयर की बोतलों से हमला किया, जिससे कार के शीशे टूट गए और दोनों घायल हो गए। पुलिस के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने पुलिस को घटना की सूचना दी जिसके बाद आरोपी अपनी गाड़ियों के साथ घटनास्थल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मुनिरका क्षेत्र में 25 जुलाई को दोपहर के समय एक अन्य घटना में एक व्यक्ति को कथित तौर पर कुछ लोगों के समूह द्वारा तब तक पीटा गया, जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया।

### सड़क पर हॉर्न बजाने वाले विवाद ने लिया हिंसक रूप



पुलिस के अनुसार, मुनिरका गांव निवासी अवधेश राय अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे तभी दुपहिया वाहन पर सवार एक व्यक्ति ने बाबू लाल चौक के समीप उसके पीछे से हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। राय ने उससे कहा कि वह भी आगे बढ़ रहा है लेकिन इसके बावजूद आरोपी व्यक्ति हॉर्न बजाता रहा और उससे गाली गलौज करने लगा।उसके पीछे एक महिला भी बैठी हुई थी। जब राय ने इसका विरोध किया तो आरोपी अपने वाहन से उतरा और उससे मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपने साथियों को बुला लिया, जो लाठी-डंडे के साथ पहुंचे। उन्होंने सड़क पर राय को बुरी तरह पीटा। प्रारंभिक जांच के बाद किशनगढ़ पुलिस थाने में 28 जुलाई को एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

अंडमान-निकोबार में पहली बार ईडी की कार्रवाई

# 200 करोड़ रुपए के बैंक लोन घोटाले में की छापेमारी

**एजेंसी। अंडमान निकोबार**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अपना पहला तलाशी अभियान चलाया, जिसमें अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) से जुड़े बड़े पैमाने पर हुए धोखाधड़ी का पता चला। एजेंसी ने पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ स्थानों और कोलकाता में दो जगहों पर तलाशी ली और वित्तीय अनियमितताओं के महत्वपूर्ण सबूत बरामद किए। ईडी अधिकारियों के अनुसार, पोर्ट ब्लेयर से कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ बरामद किए गए, जो सहकारी बैंक द्वारा ऋण और ओवरड्राफ्ट सुविधाओं की मंजूरी में व्यापक उल्लंघनों का संकेत देते हैं।

**फर्जी फर्मों को ऋण स्वीकृत**

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बैंक की आंतरिक प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों को दरकिनार करते हुए, कई फर्जी फर्मों को धोखाधड़ी से ऋण लाभ प्रदान किए गए। ईडी ने पाया कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व सांसद श्री कुलदीप राय शर्मा, जो एएनएससीबी के उपाध्यक्ष भी थे, के लाभ के लिए धन का लेन-देन करने हेतु कथित तौर पर लगभग 15 फर्जी कंपनियां स्थापित की गईं।

**200 करोड़ रुपये नकद निकाले गए :** एजेंसी ने दावा किया कि इन संस्थाओं ने धोखाधड़ी से 200 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण सुविधाएं प्राप्त कीं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा नकद में निकाला गया और कथित तौर पर लाभार्थियों को सौंप दिया गया, जिनमें स्वयं शर्मा भी शामिल थे। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि ईडी ने अंडमान निकोबार पुलिस की अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा द्वारा कई निजी व्यक्तियों और एएनएससीबी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद जाँच शुरू की थी।

“ऑपरेशन सिंदूर पर नड्डा का हमला

# ‘वो गोलियों से भूनते रहे, हम बिरयानी खिलाने चले’

**एजेंसी। नई दिल्ली।** राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार पर आतंकवाद से निपटने में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि 2005 के दिल्ली सीरियल बम धमाकों, 2006 के वाराणसी आतंकी हमले और 2006 के मुंबई लोकल ट्रेनों में हुए बम धमाकों के बावजूद तत्कालीन सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### ‘तब आतंक, व्यापार और पर्यटन साथ-साथ चलता रहा’



जे.पी. नड्डा ने अपने संबोधन में कहा, “मुद्दा यह है कि तब भारत और पाकिस्तान के बीच आतंक, व्यापार और पर्यटन साथ-साथ चलता रहा।” उन्होंने 2008 के जयपुर बम धमाकों का जिक्र करते हुए कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की सीमाओं पर भी सवाल उठाए। नड्डा ने कहा कि इंडियन मुजाहिदीन द्वारा किए गए इन धमाकों के बाद भी भारत और पाकिस्तान विशिष्ट विश्वास-बहाली उपायों पर सहमत हुए। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, “वो हमें गोलियों से भूनते रहे और हम उनको बिरयानी खिलाने चले।” नड्डा ने यह भी आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने नियंत्रण रेखा (LoC) पार करने के लिए “ट्रिपल-एंट्री परमिट” की अनुमति दी थी, जिससे आतंकवादियों की घुसपैठ को बढ़ावा मिला।

### ‘एक पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा था- कश्मीर जाने में डर लगता है’

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा, “...एक पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा था कि भारत की नीति है कि सीमाओं का विकास न करना ही सबसे अच्छा बचाव है। अविकसित सीमाएं विकसित सीमाओं से ज्यादा सुरक्षित होती हैं।” उन्होंने कहा, “एक पूर्व गृह मंत्री ने कहा था कि मुझे कश्मीर जाने में डर लगता है।” जेपी नड्डा ने कहा कि हम इस देश में अंधकार में जी रहे थे। 2014-2025 तक, जम्मू-कश्मीर को छोड़कर देश में आतंकवादी हमले बंद हो गए।”जे. पी. नड्डा ने कहा, “...उरी सर्जिकल स्ट्राइक की बात करें तो...1947 के बाद यह पहली बार था कि भारतीय प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से कहा कि (उरी) हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा...और तीन दिनों के भीतर सर्जिकल स्ट्राइक की गईं और आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया...यह बदलता भारत है... उन लोगों की तुलना में राजनीतिक इच्छाशक्ति देखिए जिन्होंने कहा था

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा-

# हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकता

- कांग्रेस पर कश्मीर का हिस्सा पाकिस्तान को देने का आरोप लगाया।
- **शाह ने कहा –** अब निर्णायक नेतृत्व है, दस्तावेज़ों पर नहीं, एक्शन पर भरोसा।
- ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती का जिक्र कर सरकार की नीति को निर्णायक बताया।
- **चिदंबरम के बयान पर हमला –** ऑपरेशन सिंदूर को निर्णायक मानने से इनकार किया।
- **शाह ने पूछा –** अगर 1965 और 1971 निर्णायक थे तो आतंकवाद क्यों फैला?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में आतंकवाद के ‘पतन’ के कगार पर होने की बात दोहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकते। पहलगाम नरसंहार और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को दे दिया, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इसे वापस लेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की उदार नीतियों और तुष्टिकरण के रवैये ने देश में आतंकवाद को पनपने और फलने-फूलने का मौका दिया। सौभाग्य से, अब हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो केवल दस्तावेज़ों पर निर्भर रहने के बजाय निर्णायक कार्रवाई करता है, ब्रह्मोस मिसाइल तैनात करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के इस आकलन की आलोचना करते हुए कि 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हमला करने वाले आतंकवादियों से पाकिस्तान का कोई ठोस संबंध नहीं है, गृह मंत्री ने कहा, “चिदंबरम साहब ने कल कहा था कि यह नहीं कहा जा सकता कि ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक था। चिदंबरम साहब यहाँ नहीं हैं, लेकिन मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूँ। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि क्या 1965 और 1971 के युद्ध निर्णायक थे। अगर वे निर्णायक थे, तो आतंकवाद क्यों फैलता रहा?”शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि भगवा आतंकवाद का नैरेटिव गढ़ने की कोशिश करने वाले पी चिदंबरम ने कुछ समय पहले पहलगाम हमले के पीछे के हमलावरों के बारे में भी कहा था कि क्या सबूत है कि वे पाकिस्तान से आए थे?... क्या वह (पी चिदंबरम) भारतीय लोगों को आतंकवादी कह रहे थे? कांग्रेस को उनसे ये सवाल पूछने चाहिए... आतंकवाद को खत्म करने में अपनी विफलता को छिपाने के लिए उन्होंने ‘भगवा आतंकवाद’ जैसा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की... आज सच्चाई लोगों के सामने आ गई है।

### एनआईए कोर्ट ने मालेगांव केस में सभी को बरी किया



गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के 2008 के उस बयान का भी ज़िक्र किया जिसमें उन्होंने 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों में आरएसएस के शामिल होने की संभावना जताई थी। शाह ने पूछा कि हमारी एजेंसियों को इस बात के सबूत मिले हैं कि आतंकवादी पाकिस्तान से थे। लेकिन उनके (चिदंबरम के) गृह मंत्री रहते हुए अफ़ज़ल गुरु को फांसी नहीं दी गई... मुंबई आतंकी हमले के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा था कि आरएसएस ने इसे अंजाम दिया है। वे किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं? वे क्या कहना चाह रहे हैं? मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि कल केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्यसभा में क्या कहा? एक हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकता। इस देश में सभी आतंकवादियों का एक ही धर्म है। यह साबित हो चुका है। कांग्रेस ने 'भगवा आतंकवाद' शब्द फैलाने का गंदा काम किया। अब सब कुछ स्पष्ट है, और कांग्रेस को इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तानी आतंकवादियों को पकड़ने के बजाय, भारत के लोगों पर आरोप क्यों लगाया गया?

पाक की जनता के मन में क्या चल रहा है?

# मोदी-शाह-राजनाथ ने संसद में पीओके पर बयान देकर क्या संदेश दिया है?

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में हुई चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयानों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) के मुद्दे को केवल ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में नहीं देख रही, बल्कि इसे अपनी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा बना रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह विपक्ष पर पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि “पीओके पर कब्जा होने का अवसर किस सरकार ने दिया?”, उसने कांग्रेस को सीधा ऐतिहासिक जिम्मेदारी के घेरे में ला खड़ा किया। यह बयान न केवल अतीत की राजनीतिक गलतियों की याद दिलाता है, बल्कि भाजपा को राष्ट्रवाद की ठोस जमीन पर खड़ा करता है। गृह मंत्री अमित शाह ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए साफ कह दिया कि भाजपा सरकार पीओके को वापस लाएगी। यह बयान चुनावी दृष्टि से भाजपा के लिए बड़ा हथियार बन सकता है, क्योंकि यह जनता में यह संदेश देता है कि मौजूदा सरकार केवल कड़ी भाषा नहीं बोल रही, बल्कि निर्णायक कार्रवाई का भी इरादा रखती है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पीओके के लोगों की ‘घर वापसी’ की उम्मीद जताकर एक भावनात्मक और रणनीतिक संदेश दिया। यह बयान बताता है कि सरकार इस मुद्दे को केवल सैन्य ऑपरेशन या सीमित राजनीतिक बहस तक नहीं रख रही, बल्कि इसे एक दीर्घकालिक राष्ट्रीय उद्देश्य के रूप में स्थापित कर रही है। तीनों बयानों को मिलाकर देखें तो भाजपा ने पीओके को लेकर विपक्ष को घेरने के साथ-साथ जनता के बीच एक बार फिर राष्ट्रवाद की लहर पैदा करने की कोशिश की है। यह रणनीति न केवल कांग्रेस पर ऐतिहासिक सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि भविष्य में पीओके को लेकर कोई ठोस कदम भाजपा की राजनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंडा का हिस्सा हो सकता है। जहां तक यह सवाल है कि क्या PoK के लोग भारत के साथ आना चाहते हैं तो आपको बता दें कि वहां इस समय आर्थिक विकास की स्थिति बहुत खराब है। बेरोज़गारी, आधारभूत ढाँचे की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा में गिरावट जैसे मुद्दे गंभीर हैं।

# तेजस्वी की बढ़ी टेंशन, मुकेश सहनी ने 60 सीटों पर ठोका दावा उपमुख्यमंत्री पद पर भी नजर

**एजेंसी। बिहार**

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घोषणा करते हुए घोषणा की कि उनकी पार्टी आगामी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के ज़रिए की गई इस घोषणा ने राज्य के गतिशील राजनीतिक परिदृश्य में नई अटकलों और रणनीतिक पुनर्गणनाओं को हवा दे दी है। पोस्ट में कहा गया है कि वीआईपी 2025 में 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बाकी सभी सीटों पर हमारे सहयोगी दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। यह संकेत दे रहा है कि वीआईपी की महत्वाकांक्षाएँ बढ़ रही हैं और एक व्यापक गठबंधन की उसकी संभावित योजनाएँ भी बन रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री पद को लेकर भी बड़ा दावा ठोक दिया। उन्होंने कहा कि 2025 में हमारी सरकार बनेगी और बिहार के अगले मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे और उपमुख्यमंत्री बिहार के अतिपिछड़ा समाज से मल्लाह का बेटा होगा! उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि भाजपा ने हमारे 4 विधायकों को खरीदा, 2025 में निषाद समाज उसका हिसाब चुकता करेगा। निषाद समाज दिखाएगा कि विश्वासघात का क्या नतीजा होता है! जब हम 2025 में उन्हें बिहार की सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे।

एक एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि विकासशील इंसान पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि 50% सीटों पर अति पिछड़ा वर्ग और एससी-एसटी समाज के उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी राजनीति की पहल है। दशकों से जिन समुदायों को सत्ता में भागीदारी से वंचित रखा गया, VIP उन्हें नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध है। अक्सर “सन ऑफ़ मल्लाह” कहे जाने वाले मुकेश सहनी बिहार में निषाद समुदाय की

राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ प्रमुख संचालिका प्रमिला ताई मेढ़े का निधन

# कहने की आवश्यकता नहीं, उनकी कृति ही बोलती है : डॉ. मोहन भागवत

**एजेंसी। नई दिल्ली**





गुरुवार सुबह 9:05 बजे राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ प्रमुख संचालिका प्रमिला ताई मेढ़े का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम श्वास तक राष्ट्रकार्य की चिंता करने वाली प्रमिला ताई का जीवन राष्ट्रभक्ति, मातृशक्ति जागरण और तपश्चर्या का अनूठा उदाहरण रहा।उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनका देहदान 1 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे एम्स को किया जाएगा। 1965 से वे देवी अहल्या मंदिर, नागपुर में निवास कर रहीं थीं, वहीं उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है।प्रमिला ताई मेढ़े का जन्म महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में हुआ था। बाल्यकाल से ही वे राष्ट्र सेविका समिति के संपर्क में आईं और वंदनीया लक्ष्मीबाई केलकर (मौसी जी) के सान्निध्य में राष्ट्र कार्य व स्त्री शक्ति संगठन के सूत्रों को समझा।

**शैक्षणिक और सेवाभावना से समर्पित जीवन:** स्नातक शिक्षा एवं शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने नागपुर के सी.पी. एंड बरार उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापन किया। तत्पश्चात सरकारी सेवा में वरिष्ठ अंकेक्षक के रूप में कार्यरत रहीं। किंतु राष्ट्र कार्य हेतु उन्होंने सेवा निवृत्ति से 12 वर्ष पूर्व ही स्वैच्छिक अवकाश ले लिया।

समिति में शाखा से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने 1978 से 2003 तक 25 वर्षों तक अ.भा. प्रमुख कार्यवाहिका के रूप में कार्य किया। विदेशों में भी उन्होंने समिति के विचार एवं कार्य का प्रचार-प्रसार किया।

**झारखंड से विशेष संबंध:** वर्ष 1987 में पहली बार झारखंड के पतरातु में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनका प्रवास हुआ। इसके पश्चात उनका सतत् प्रवास झारखंड के विभिन्न स्थानों पर होता रहा, जिससे इस क्षेत्र को उनका स्नेहिल सान्निध्य और मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त होता रहा। उनका नेतृत्व झारखंड के संगठनात्मक विकास में भी प्रेरणास्रोत बना।

**सम्मान व राष्ट्र जागरण का कार्य:** उनके सामाजिक जागरण के कार्यों को अमेरिका में विशेष सराहना मिली और न्यूजर्सी शहर के महापौर द्वारा उन्हें “मानद नागरिकता” प्रदान की गई।

**भारत परिक्रमा:** मौसी जी के जन्मशताब्दी वर्ष में उन्होंने 2003-2004 में 266 दिन की भारत यात्रा कर लगभग 28,000 किमी की यात्रा की और संपूर्ण देश में मातृशक्ति जागरण का संदेश फैलाया। वर्तमान प्रमुख संचालिका वी. शांता कुमारी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने देवी अहिल्या मंदिर पहुंचकर वंदनीया प्रमिला ताई मेढ़े जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रमिलाताई का जीवन, कार्य और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

मालेगांव ब्लास्ट केस | कोर्ट के फैसले को ओवैसी ने बताया निराशाजनक, छह लोगों की हत्या किसने की?

# एनआईए की जांच पर उठे सवाल, करकरे का जिक्र

- करकरे ने साजिश का पर्दाफाश किया था; बाद में 26/11 में शहीद हुए

**एजेंसी। नई दिल्ली**



2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर सहित सभी सात आरोपियों को एक विशेष अदालत द्वारा बरी किए जाने के तुरंत बाद, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल पूछा कि छह लोगों की हत्या किसने की? अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट के लगभग 17 साल बाद आया है, जिसमें छह लोग मारे गए थे और सौ से ज़्यादा घायल हुए थे। यह विस्फोट 29 सितंबर 2008 की रात को, मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर, सांप्रदायिक रूप से तनावपूर्ण शहर के भिक्कू चौक के पास, रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान हुआ था। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले में आरोपों को साबित करने में विफल रहा और सभी सातों आरोपी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं।अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए ओवैसी ने कहा कि मालेगांव विस्फोट मामले का फैसला निराशाजनक है। विस्फोट में छह नमाजी मारे गए और लगभग 100 घायल हुए। उन्हें उनके धर्म के कारण निशाना बनाया गया। जानबूझकर की गई घटिया जाँच/अभियोजन पक्ष ही उन्हें बरी करने के लिए ज़िम्मेदार है। उन्होंने आगे कहा, “विस्फोट के 17 साल बाद, अदालत ने सबूतों के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। क्या मोदी और फडणवीस सरकारें इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगी, जिस तरह उन्होंने मुंबई ट्रेन विस्फोटों में आरोपियों को बरी करने के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी?

### कोर्ट के फैसले पर बीजेपी बोली- कांग्रेस की हिंदू आतंकवाद की साजिश ध्वस्त हो गई

मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की हिंदू आतंकवाद की साजिश ध्वस्त हो गई है। एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं था। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले कर्नल पुरोहित पर आरोप लगाया गया था। प्रज्ञा ठाकुर पर ब्लास्ट में अपनी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। उन्हें इतना प्रताड़ित किया गया कि उसके बाद वह चल नहीं सकती थीं। यह विशुद्ध वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस की साजिश थी।

### एनआईए कोर्ट के फैसले पर अखिलेश का बयान,‘जो बात आप समझ रहे हो, वही मैं समझ रहा हूं’

**नई दिल्ली।** मालेगांव ब्लास्ट केस में NIA कोर्ट के फैसले पर समाजवादी पार्टी प्रमुख और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बड़ा बयान सामने आया है। दिल्ली में संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा “जो बात आप समझ रहे हो वही मैं समझ रहा हूं। जो आप कहना नहीं चाहते वो मैं नहीं कह रहा। कहीं ऐसा तो नहीं कि खबरें दबाने के लिए खबर आ रही हो। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पूछा कि क्या मालेगांव विस्फोट मामले के आरोपियों को बरी करने की खबर का मकसद अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बड़ी खबर को दबाना है।

## कुटमू से कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना

**लातेहार।** बेतला लातेहार बरवाडीह कांवरियों का जत्था कुटमू शिवमंदिर से बुधवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। जाने के पूर्व जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेक भगवान भोलेनाथ से सुखद यात्रा के लिए आशीर्वाद मांगा। कांवरियों के जत्थे में संजय सिंह, जयगोविंद विश्वकर्मा, गोपाल मिस्त्री, टुनू मिस्त्री, विजय मिस्त्री, परमजीत पासवान, योगेंद्र मिस्त्री, तेजू मिस्त्री, मुन्ना पासवान, बिनोद पासवान, धर्मेंद्र प्रसाद, चंदन भूईंया समेत कुल 24 श्रद्धालुओं के नाम शामिल हैं। वहीं मंदिर के पुजारी बिट्टू पाठक ने माथे में तिलक लगाकर श्रद्धालुओं को विदा किया। वहीं जत्थे में शामिल सभी शिवभक्तों ने बाबाधाम में भगवान भोलेनाथ पर जलार्पण करने के बाद जीवन में खुशहाली और क्षेत्र में सुख-समृद्धि के लिए उनसे कामना करने की बात कही।

### जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

- स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को सौंपी जिम्मेवारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बृहस्पतिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई।

उक्त बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं ध्वजारोहण के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्य समारोह का आयोजन जिला खेल स्टेडियम,लातेहार में किया जाएगा, जहां प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण होगा। इस अवसर पर झंडोतोलन, राष्ट्रगान, सलामी परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन , लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिए।

**साफ–सफाई कराने का दिया गया निर्देश**

उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर के सभी चौक-चैराहों एवं सभी प्रतिमा,मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्य का निस्पादन 15 अगस्त से पूर्व सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत,लातेहार को दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं सुंदर रहे इसे सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला परिषद सदस्य गण, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पति की खोज में दर-दर भटक रही महिला ने डीआईजी से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के नवाजयपुर गांव की रहने वाली सोनी देवी ने बुधवार को पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम से मिलकर अपने लापता पति विरेंद्र भुइंया की सकुशल वापसी की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके पति को गाँव के ही एक व्यक्ति वीरेन साव पांच साल पहले यह कहकर केरल ले गया था कि उन्हें टावर में नौकरी दिलवाएगा। लेकिन उसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला। सोनी देवी ने इस बाबत स्थानीय थाना में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने डीआईजी से रोते हुए कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है और हर दिन वह अपने पति की चिंता में जीवन काट रही हैं। डीआईजी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पलामू एसपी और संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस महिला को जल्द न्याय मिलना चाहिए।

## पेज एक के शेष

### डॉक्टर चिकित्सकीय दक्षता...

बताया और बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग व शक्तिपीठ को नमन किया। उन्होंने विद्यार्थियों, उनके परिजनों और शिक्षकों को दीक्षांत समारोह के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम भविष्य की पहली सीढ़ी है। विशेष रूप से उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि पदक प्राप्त करने वालों में बेटियों की संख्या अधिक रही और छात्राओं की उपस्थिति छात्रों के बराबर है। राष्ट्रपति ने आशा जताई कि इस दीक्षांत समारोह के साथ एम्स देवघर में "कल्चर ऑफ एक्सीलेंस" की शुरुआत हो रही है। उन्होंने एम्स प्रबंधन की सराहना की और संस्थान की प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा, एम्स देवघर के चेयरमैन डॉ. एनए अरोड़ा और सीईओ प्रो. सौरभ वार्ष्णेय सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### रांची पहुंची राष्ट्रपति...

जहां वे रात्रि विश्राम करेंगी। इस दौरान राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

### सुबह 9.30 बजे...

इसके बाद अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर के अधीन आदिवासी महिलाओं द्वारा कम्युनिटी इनोवेशन से जुड़े एक्जीबिशन का अवलोकन करेंगी। फिर 12.20 बजे से 1.20 बजे तक आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। 12.40 बजे संस्थान के 10 वर्ष के स्वर्णिम दौर पर आधारित पोस्टल स्टांप राष्ट्रपति द्वारा जारी किया जाएगा। उसके बाद वे 12.45 बजे प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा को डी.एससी डिग्री से सम्मानित करेंगी। उसके बाद 12.50 बजे, 20 गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को सम्मानित करेंगी।

**दुर्गापुर एयरपोर्ट से दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के लिए भरेंगी उड़ान :** कार्यक्रम के पश्चात 3.10 बजे धनबाद एयरपोर्ट पहुंचकर राष्ट्रपति 3.20 बजे पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर एयरपोर्ट के लिए राष्ट्रपति उड़ान भरेंगी और वही से दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगी।

### राष्ट्रीय हितों की...

उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल, 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति ने रेसिप्रोकल टैरिफ पर एक कार्यकारी आदेश जारी किया, जिसमें 5 अप्रैल, 2025 से प्रभावी 10 प्रतिशत की बेसलाइन ड्यूटी, 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ के साथ, भारत के लिए कुल 26 प्रतिशत शुल्क की घोषणा की गई। फुल कंट्री स्पेसिफिक एडिशनल टैरिफ 9 अप्रैल, 2025 से लागू होने वाला था। लेकिन 10 अप्रैल को इसे शुरू में 90 दिनों तक और फिर 1 अगस्त तक बढ़ा दिया गया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा, "मार्च 2025 में, भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत शुरू की। लक्ष्य अक्टूबर-नवंबर 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था।"

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) ने इस सप्ताह कहा कि वित्त वर्ष 26 और 27 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो अप्रैल के पूर्वानुमान की तुलना में अधिक अनुकूल बाह्य वातावरण को दर्शाता है।

आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान को 20 आधार अंकों (बीपीएस) बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। वैश्विक एजेंसी ने वित्त वर्ष 27 के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को भी 10 आधार अंकों (बीपीएस) बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने पहले दिए एक बयान में कहा था कि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, "हम इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सरकार अपने किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के कल्याण की रक्षा को सर्वोच्च महत्व देती है। केंद्र की ओर से कहा गया, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जैसा कि ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों के मामले में किया गया है।

### 25 फीसदी अमेरिकी...

टैरिफ दर पर आने वाले सामान को तरजीह दे सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करीब 130 अरब डॉलर का है और इसमें भारत का निर्यात करीब 87 अरब डॉलर का है। भारतीय उद्योगों की तरफ से अमेरिका को उत्पादों से लेकर सेवाओं तक का निर्यात किया जाता है। ऐसे में अब अमेरिका की तरफ से टैरिफ लगाए जाने के एलान के बीच इसके असर को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### झारखंड विधानसभा का...

उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी काम और नीतिगत चर्चाएं होनी हैं, इसलिए सभी दलों की भागीदारी जरूरी है। स्पीकर ने उम्मीद जताई कि सभी सदस्य जनता और सदन के प्रति अपनी जिम्मेदारियां समझेंगे और सत्र को उपयोगी बनाने में सहयोग करेंगे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सत्र की अवधि को छोटा बताते हुए कहा कि झारखंड में कई अहम मुद्दे हैं, जिन पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि बीजेपी विधायक दल की बैठक शुक्रवार को होगी, जिसमें सत्र को ज्यादा प्रभावी बनाने की रणनीति पर बात होगी। बैठक के बाद मरांडी ने मीडिया से बात करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जनभावनाओं के प्रतिकूल काम करने का आरोप लगाया। बता दें कि मानसून सत्र 1 से 7 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान सरकार कई अहम विधेयक पेश कर सकती है, वहीं विपक्ष कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं और नीतिगत फैसलों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

### डांगोपोसी-जारोली रेल...

और ये 574 किलोमीटर अतिरिक्त रेल लाइन जोड़ेंगी। इसमें झारखंड, ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के कुल 13 जिलों को लाभ होगा। झारखंड के अलावा, यह परियोजना ओडिशा के केओनझार जिले को भी कवर करती है, जिससे अंतरराज्यीय माल आवाजाही को मजबूती मिलेगी। पूरे सेक्शन से करीब 12.5 मिलियन टन प्रति वर्ष माल ढुलाई की संभावना है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' नारी...

'शुन्य सहिष्णुता' की नीति अपनाएगा। भारत के स्वानिर्मित ड्रोन, ब्रह्मोस मिसाईल दो दिन तक बिना किसी रिहायशी इलाके को नुकसान पहुँचाए बहावलपुर(पाकिस्तान) के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। लगभग 100से ज्यादा खुंखार आतंकवादी इस एक हमले में मारे गये। इस युद्ध ने भारत में निर्मित कई युद्धास्त्र की प्रमाणिकता को भी दुनिया के सामने सिद्ध कर दिया। इस ऑपरेशन की सबसे अधिक गर्व करने वाला तथ्य, इसका संचालन 'महिला सैन्य टुकड़ियों' द्वारा करवा कर मुँहतोड़ जवाब दें ,भारत और हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है।

## खिलाड़ियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में दस पदक जीत कर इतिहास रचा

- खेलगांव रांची व गढ़वा में किया गया था प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के छात्र व छात्राओं ने डीएवी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के तहत आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिला का नाम रौशन किया है. राँची के खेलगाँव में आयोजित कबड्डी, एरोबिक्स और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अनुशासन, कठिन परिश्रम और अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए.बालकों की श्रेणी में श्रेयांश ने (U-14) जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक, विवेक ने (U-17) शॉटपुट में कांस्य पदक तथा जेवलिन थ्रो में रजत पदक जीता। वीर प्रताप ने (U-14) लंबी कूद में कांस्य पदक, आयुष यादव ने (U-17) डिस्कस थ्रो और 1500 मीटर दौड़ दोनों में रजत पदक और चंचल ने (U-14) 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। जबकि बालिका श्रेणी में कृतिका ने (U-14) लंबी कूद में कांस्य पदक पदक जीता। डीएवी लातेहार की टीम कबड्डी में बालक अंडर- 14 और बालिका अंडर- 17 में उपविजेता रही। एरोबिक्स अंडर- 14 लड़कियों की श्रेणी में तृतीय स्थान पर रही। गढ़वा में आयोजित अंतर-डीएवी खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए और खेल भावना की मिसाल पेश की। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धियों पर बधाई दी. उन्होने कहा कि आशा ही पूर्ण विश्वास है कि यह क्रम यूं ही जारी रहेगा।

## झारखंड विधानसभा घेराव कार्यक्रम में लातेहार से जाएंगे एक हजार सहायक अध्यापक : अतुल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पारा शिक्षकों की वर्षों पुरानी वेतनमान को पूरा कराने काी मांग को लेकर प्रदेश मोर्चा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अगले चरण में आगामी चार अगस्त को विधान सभा घेराव में लातेहार जिले के लगभग एक हजार सहायक अध्यापक रांची विधानसभा घेराव में जाएंगे।जिलाध्यक्ष अतुल सिंह एवं महासचिव अनूप कुमार ने कहा कि सभी प्रखंडों में घेराव की तैयारी पूरी कर लिया गया है और जूम मीटिंग के माध्यम से भी तैयारी की समीक्षा किया गया है। इस बार आर या पार की लड़ाई लड़ी जाएंगी। सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का दो वर्ष बीता चुका है।

इसके बाद भी अभी तक खुद का किया वादा वेतनमान को पूरा नहीं किया है। साथ ही पूर्व शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ जो लिखित समझौता सभी पदाधिकारियों और अन्य विधायकों के साथ मैराथन बैठक लगभग पांच घंटे हुई थी उसे भी आज तक लागू नहीं किया गया है।बैठक में आए मुख्य अतिथियों ने सभी शिक्षकों से कहा कि चार को रांची सभी पहुंचे और संगठन का साथ तन मन धन से दे, ताकि हमें वेतनमान सरकार देने को मजबूर हो सके। जिला अध्यक्ष द्वारा आज सीपीडी प्रशिक्षण लेने आए जिले के अन्य प्रखंडों के सहायक अध्यापकों में भी प्रशिक्षण के बाद जोश भरने का कार्य किया गया। इस अवसर पर नंदकिशोर यादव, विनोद राम प्रमोद प्रसाद शिशुपाल सिंह संजीत प्रसाद संजय कुमार द्विवेदी नेमा अगरिया धर्मदेव सिंह ब्रिज किशोर यादव उदय प्रसाद प्रवीण सिंह निर्मल कुमार यादव दिनेश प्रसाद गुप्ता दिनेश ठाकुर सुधा देवी सुनैना देवी संगीता कुमारी मंजू देवी मीना देवी मानो कुजूर प्रार्थना सोनी जयश्री कश्यप बिहारी यादव सुशीला रवि रामप्रसाद प्रसाद विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**महुआडाड।** महुआडाड थाना क्षेत्र में आये दिन दुर्घटना को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर महुआडाड थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें दो पहिया वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट के वाहन ना चलायें, कारण कि बिना हेलमेट के आये दिन काफी दुर्घटना घटित हो चुकी है। जिससे लोगों कि दुर्घटना में मौत भी हो चुकी है। इसलिए जितने भी दो पहिये वाहन चालक है वह हमेशा हेलमेट लगा कर वाहन चलाये। बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े जाने पर विधि सम्मत उचित कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

## तीन लाभुक के बीच चुजों का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में बेसरा व जबरा ग्राम के तीन लाभुकों के बीच चार सौ लेयर चूजा व पांच पांच सौ ब्रायलर कुक्कट चुजा का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम मे जिप सदस्य रमेश राम, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डाक्टर सुशील बागे, ने बारी-बारी से वितरण किया। जिप सदस्य राम ने उपस्थित लाभुकों को कहा की सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है .उन्होने लाभुकों को इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की बात कही । वहीं पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशीला बागे ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजना के तहत 75 से 90 प्रतिशत अनुदान पर दो लाभुक को पांच पांच सौ ब्रायलर कुकुट चूजा व एक लाभुक को चार सौ लेयर कुक्कट चुजा दी गयी। साथ ही, चूजों की देखरेख एवं रख-रखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी लाभुकों को दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक दवाएं ,दाना व सुरक्षा व्यवस्था के लिए जाली प्रदान किया गया. मौके पर विभाग के विनोद बैठा सहित कई अन्य स्थानीय लोग और लाभुक उपस्थित थे।

## शिक्षा ही जीवन का मूल मंत्र है : इरशाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** विधायक प्रतिनिधि इरशाद मुन्ना गुरुवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसाही पहुंचे। शिक्षकों से स्कूल से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। ईसके बाद विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से मिले। बच्चों को पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन है जिसे जितना बांटा जाय वह उतना ही बढ़ेगा। जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आये कभी हार नहीं मानना चाहिए। जितनी कड़ी मेहनत करेंगे उतनी ही बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिये। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में बहुत सारी कठिनाइयां आती हैं। कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा ही जीवन का मूल मंत्र है बताया। हर हाल में बच्चों से शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

## उद्यान विभाग की पहल से खिले किसानों के चेहरे

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद,(पलामू)।** उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत तीन प्रखंड क्रमशः हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज में किसानों को वितरित किए गए ओल, अदरक और अमरूद के बीज व पौधों की प्रगति का जायजा बुधवार को लिया गया। इस निरीक्षण में विभाग के फील्ड स्टाफ विकास कुमार तथा प्रखंडों के उद्यान मित्र कृष्णा बैठा, रामसुंदर प्रसाद मेहता और विश्वनाथ मेहता ने भाग लिया।निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि हुसैनाबाद प्रखंड के खजुराहो,जमुआ गांव, हैदरनगर के कुकही गांव तथा मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज गांव में किसानों ने इन फसलों को अपने खेतों में सफलता पूर्वक लगाया है। पौधों की बढ़वार और खेतों में फसलों की स्थिति देखकर स्पष्ट है कि किसानों को इस बार अच्छी उपज मिलने की पूरी संभावना है।

किसानों ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा समय पर और उचित मार्गदर्शन के साथ वितरित बीज एवं पौधों ने उनके लिए एक नई उम्मीद जगाई है। किसान सुजीत कुमार मेहता ने कहा कि पहले हमने कभी नहीं सोचा था कि ओल और अमरूद जैसी फसलें इतनी बढ़िया हो सकती हैं। अब हम सोच रहे हैं कि इनकी बिक्री से अच्छी आमदनी होगी। इसी तरह किसान अखिलेश मेहता और प्रमोद मेहता ने भी विभाग की सराहना करते हुए कहा कि अगर इसी तरह तकनीकी सहयोग और बीज-पौध की मदद मिलती रही, तो किसानों की आर्थिक स्थिति में निश्चित रूप से सुधार होगा। इस मौके पर शिवनारायण मेहता समेत कई अन्य किसान भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि उद्यान विभाग की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित हो रही है।

## एवी इंटरप्राइजेज के पार्टनर ने ही बेच दी फर्म की मशीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद,(पलामू)।** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत देवरी ओपी क्षेत्र के एवी इंटरप्राइजेज की मशीन बिना जानकारी दिए बेचने का आरोप फर्म के एक पार्टनर विशाल कुमार ने दूसरे पार्टनर अभिषेक कुमार विश्वकर्मा पर लगाया है। हुसैनाबाद के संगत मुहल्ला निवासी विशाल कुमार ने हुसैनाबाद थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। जिसके आधार पर अभिषेक कुमार विश्वकर्मा के खिलाफ हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 188/25 दिनांक- 29.07. 2025 ,धारा 303 (2) (314/316(2)/318(2) बीएनएस दर्ज किया गया है।आरोपी अभिषेक कुमार विश्वकर्मा हुसैनाबाद के राजटोली मुहल्ला का निवासी है। विशाल कुमार ने अपने पार्टनर अभिषेक कुमार विश्वकर्मा पर फर्म की कई कीमती मशीनों को बिना जानकारी दिए बेचने का आरोप लगाया है। विशाल कुमार ने देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार को दिए गये आवेदन में कहा है कि एवी इंटरप्राइजेज फर्म के वह भागीदार हैं।

### हुसैनाबाद में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर एसडीओ ने की बैठक

## सभी बीडीओ को अपने प्रखंडों में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक कर जानकारी देने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद,(पलामू)।** अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद की अध्यक्षता में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति के साथ बैठक हुई। बैठक में आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त 2025 तक संचालित होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने अपने प्रखंडों में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक कर जानकारी देने का निर्देश दिया। सभी मुखिया ग्राम सभा के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एसडीओ ने सभी विभागों, निजी अस्पताल के संचालकों, नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर ,सभी स्टेक होल्डरों का भी सहयोग लेने की बात कही। कार्यक्रम को लेकर स्कूली बच्चों के माध्यम से प्रभात फेरी व गांव में रात्रि चौपाल के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। ताकि लोग शत प्रतिशत फाइलेरिया की दवा का सेवन कर सकें। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मीडिया बंधुओं से भी सहयोग का आग्रह किया है।इस बैठक में प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, पीरामल फाउंडेशन के धीरेन्द्र कुमार तथा सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीएफसी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के बोदा पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय के समीप स्थित खेल मैदान में बीएफसी बोदा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग समापन गुरुवार को हो गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन राष्ट्रगान से की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन के उपरांत टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जूनियर स्टार हरिहरपुर बनाम बीएनटी बाघा के बीच खेला गया, जिसमें बीएनटी बाघा को हराकर जूनियर स्टार हरिहरपुर की टीम ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजयी होने वाली टीम को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। नागपुरी कलाकार बसीर अंसारी, विमला देवी,पुजा मुंडा,सरस्वती बुनकर,मास्टर धनेश ने अपनी आवाज से सबका मन मोह लिया। टूर्नामेंट के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी,बोदा मुखिया ललिता देवी,पंसस शुशीला टोपनो,झामुमो किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश गंझू,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उंराव,जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी,शाहिद अंसारी समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## एआई का बढ़ता खतरा

# इस वर्ष टेक कंपनियों में अब तक 80 हजार से ज्यादा छंटनी

### 2030 तक जा सकती हैं 1 करोड़ 80 लाख से ज्यादा नौकरियां

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विश्व भर में नौकरी से छंटनी का डाटा संग्रह करने वाली कंपनी लेऑफ्स डॉट एफवाईआई के जुटाए व विश्लेषण किये गये आंकड़ों के मुताबिक, इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट व मेटा सहित 171 कंपनियां वैश्विक स्तर इस वर्ष अब तक कुल 80,250 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल चुकी हैं। इंटेल तीन महीने में 27,000 छंटनी के साथ नंबर वन है।टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 12,000 से ज़्यादा कर्मचारियों को निकाले जाने की घोषणा की है। यह सब इस बात की चेतावनी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में आईटी क्षेत्र में नौकरियां पहले की तरह न तो सुरक्षित हैं ,नहीं पहले की तरह शुरू में ही ज़्यादा सेलरी वाली हैं। दुनियाभर की टेक कंपनियों में छंटनी की रफ्तार यह बताती है कि यह संकट आगे और भी बढ़ना है। वैसे तो छंटनी के इस माहौल में इन्फोसिस ने इस वर्ष 20,000 फ्रेशर्स को नौकरी देने की घोषणा की है।

लेकिन यह देखना है कि वह कितने रूपये वाली नौकरी दे रही है, और कितने दिन बनाये रखती है। माइक्रोसॉफ्ट 15,000 छंटनी के साथ इस मामले में दूसरे स्थान पर है। कंपनी ने इस वर्ष मई में पहली बार 6,000 और फिर जुलाई में 9,000 कर्मचारियों को निकालने की घोषणा की थी। मेटा भी 2025 में अब तक लगभग 3,600 लोगों को बाहर कर चुकी है।इस मामले के जानने वालों का कहना है कि आईटी क्षेत्र में नौकरियों पर मंडरा रहे संकट के लिए मात्र एआई ही नहीं, बल्कि कंपनियों के अपनी-अपनी नीतियों, लागत में कटौती व पुनर्गठन का आधार भी जिम्मेदार है। 27,000 कर्मचारियों को निकालने वाली इंटेल ने कहा, आसान परिचालन और लागत घटाने के लिए पुनर्गठन के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया है। माइक्रोसॉफ्ट ने कर्मचारियों और शीर्ष अधिकारियों के बीच कुछ लेयर कम करने के लिए प्रबंधक स्तर पर छंटनी की है। मेटा ने कर्मचारियों को निकालने के लिए तथाकथित खराब प्रदर्शन को आधार बनाया है। पहले वे अच्छा कर रहे थे ,अब उनके काम खराब कह कर निकाला जा रहा है। इससे साफ दिखता है कि नौकरी देने वाला कुछ भी तर्क देकर कर्मचारी को बाहर का रास्ता दिखा सकता है। इधर टीसीएस में छंटनी पर जानकारों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच आईटी सेवाओं की मांग घटने के कारण कंपनी यह कदम उठा रही है। इसके अलावा, कंपनी में ऐसे कर्मचारियों की संख्या भी ज्यादा है, जो बेंच पर हैं यानी जिनके पास कोई प्रोजेक्ट या काम नहीं है। कहा जाता है कि ऐसे कर्मचारियों को निकालने के लिए कंपनी ने नई नीति बनाई है। इसके तहत, उन्हीं कर्मचारियों को रखा जाएगा, जिनकी बिलिंग साल में कम-से-कम 225 दिन हो और वे 35 दिन से अधिक समय तक बेंच पर न हों।वैसे तो एजेंटिक एआई का चलन बढ़ने से 2030 तक यानी अगले पांच वर्षों में विनिर्माण, खुदरा व शिक्षा क्षेत्रों में करीब 1.8 करोड़ नौकरियां जाने की बात कही जा रही है।

सर्विसनाउ की रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक एआई के कारण व्यापक व्यवधान का सर्वाधिक प्रभाव विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ेगा, जहां 80 लाख नौकरियां प्रभावित होंगी। खुदरा क्षेत्र में 76 लाख व शिक्षा क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा नौकरियों पर असर पड़ेगा। सर्विस नाउ इंडिया टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर के प्रबंध निदेशक सुमित माथुर ने कहा, एजेंटिक एआई 2030 तक नई तकनीक वाली 30 लाख से ज्यादा नौकरियों का भी सृजन करेगा।



एआई जेनरेटेड

- छंटनी संकट के लिए एआई ही नहीं, कंपनियों की अपनी-अपनी नीतियां, लागत में कटौती व पुनर्गठन का आधार भी जिम्मेदार है
- एजेंटिक एआई 2030 तक नई तकनीक वाली 30 लाख से ज्यादा नौकरियों का सृजन करेगा

### इनमें भी छंटनी

| कंपनी का नाम | संख्या |
|---|---|
| नॉर्थ वोल्ट | 2,800 |
| हेवलेट पैकर्ड | 2,500 |
| एचपी | 2,000 |
| वर्कडे | 1,750 |
| ओपन टेक्स्ट | 1,600 |
| ऑटो डेस्क | 1,350 |
| इनडीड | 1,300 |

*(आंकड़े : 6 जनवरी से 28 जुलाई तक के)*

*इधर चर्चा है कि इन्फोसिस इस वर्ष 20,000 ग्रेजुएट की भर्ती की योजना बना रही है। कंपनी पहली तिमाही में भी 17,000 से अधिक भर्तियां कर चुकी है। इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख ने कहा, कंपनी एआई व कौशल में रणनीतिक निवेश कर आगे रहने में सक्षम रही है। अब तक 2.75 लाख कर्मचारियों को एआई व डिजिटल कौशल की ट्रेनिंग दी गई है।*

## कैलिफोर्निया में अमेरिकी नौसेना का एफ-35 विमान क्रेश



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी नौसेना का एक एफ-35सी फाइटर जेट बुधवार शाम को कैलिफोर्निया के नेवल एयर स्टेशन लेमूर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने समय रहते इजेक्शन कर जान बचाई। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे के करीब हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दुर्घटनास्थल से काले धुएं और आग की लपटें उठती दिखीं। यह इलाका फ्रेस्नो शहर से करीब 64 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में है और पूरी तरह खुला फार्मलैंड है। फ्रेस्नो काउंटी शेरिफ ऑफिस ने बताया कि स्थानीय ईएमएस क्रू और कैल फायर की टीम मौके पर पहुंची और पायलट को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। विमान भीएफ-125 रफ राइडर्स स्क्वाड्रन का हिस्सा था। यह पायलटों की ट्रेनिंग के लिए जाना जाता है। यह यूनिट एफ-35सी वर्जन को ऑपरेट करती है, जो यूएस नेवी के एयरक्राफ्ट कैरियर के लिए डिजाइन किया गया है। इस हाई-टेक जेट की कीमत लगभग 800 करोड़ रुपये है। ये इस साल का दूसरा एफ-35 क्रैश है। इससे पहले जनवरी में अलास्का के एक एयरबेस पर भी ऐसा ही हादसा हुआ था जिसमें पायलट सुरक्षित बच निकला था। एफ-35 अमेरिकी सैन्य बेड़े का पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है। इसे लॉकहीड मार्टिन ने तैयार किया है।

- **पायलट ने इजेक्ट कर जान बचाई**

## वैज्ञानिकों ने आंत में खोजा 'न्यूरो बायोटिक इंद्रिय' जो भूख को नियंत्रित कर सकती है

### इस खोज से मोटापे व मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान के नए द्वार खुल रहे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** यदि आपकी आंत केवल खाना पचाने से ज़्यादा कुछ कर रही हो तब क्या होगा? यदि वह आपके मस्तिष्क से वास्तविक समय में यह बता रही हो कि कब खाना बंद करना है, तब क्या होगा ? ड्यूक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक नए अध्ययन में यही बात उजागर किया है, जो शायद "इंद्रिय" की परिभाषा को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है।

इस खोज के केंद्र में फ्लैगेलिन है, जो बैक्टीरिया की चाबुक जैसी पूंछ में पाया जाने वाला एक प्राचीन प्रोटीन है जिसे फ्लैगेला कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हमारी आंत में न्यूरोपोड्स नामक विशेष तंत्रिका जैसी कोशिकाएं फ्लैगेलिन का पता लगा सकती हैं। ये न्यूरोपोड्स शरीर की सबसे लंबी स्वायत्त तंत्रिका, वेगस तंत्रिका के माध्यम से सीधे मस्तिष्क को संकेत भेजते हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह खोज बताती है कि हमारी आंत केवल एक पाचन अंग नहीं है, बल्कि इसमें एक "न्यूरो बायोटिक इंद्रिय" भी हो सकती है जो खाने के व्यवहार को नियंत्रित करने में मदद करती है। कुछ वैज्ञानिक इसे हमारी छठी इंद्रिय भी कह रहे हैं। आंत में न्यूरोपोड्स में टीएलआर 5 (टोल-लाइक रिसेप्टर 5 का संक्षिप्त रूप) नामक एक रिसेप्टर होता है। जब शोधकर्ताओं ने चूहों को फ्लैगेलिन की एक खुराक दी, तो उनके टीएलआर रिसेप्टर्स ने भूख कम करने वाली प्रतिक्रिया शुरू कर दी, चूहों ने सामान्य से कम खाना खाया। लेकिन जिन चूहों में यह रिसेप्टर नहीं था, उन्हें "पेट भरा" होने का संकेत नहीं मिला और उनका वजन तेजी से बढ़ गया। इसका मतलब है कि हमारे अंदर रहने वाले बैक्टीरिया सिर्फ़ मूकदर्शक नहीं हैं। वे वास्तव में हमारे महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित कर सकते हैं।इस तरह इस नए अध्ययन से पता चलता है कि कैसे हमारी आंत में मौजूद एक प्राचीन जीवाणु प्रोटीन, पेट भर जाने पर मस्तिष्क को सीधे संकेत दे सकता है, जिससे मोटापे व मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान के नए द्वार खुल रहे हैं।



एआई जेनरेटेड

## बांग्लादेश में बीएनपी और एनसीपी समर्थकों के बीच झड़प, 35 घायल

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले के मुरादनगर में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसमें कम से कम 35 लोग घायल हो गए, जिनमें पांच पत्रकार भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह झड़प बुधवार शाम उस समय हुई जब एनसीपी समर्थकों ने अंतरिम सरकार के स्थानीय सरकारी सलाहकार आसिफ महमूद शोजीब भुइयां के खिलाफ कथित साजिश और दुष्प्रचार के विरोध में 'मुरादनगर उपजिला के सभी तबकों के लोग' नामक बैनर तले एक विरोध रैली निकाली। रैली के दौरान जब आसिफ के समर्थकों ने "उगाही करने वालों के खिलाफ सीधी कार्रवाई", "उगाही करने वालों को पकड़ो, जेल में डालो", और "मुरादनगर की मिट्टी, आसिफ का गढ़" जैसे नारे लगाए, तभी दूसरी ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे-जैसे झड़प बढ़ती गई, व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस हिंसा में पांच पत्रकारों के घायल होने की भी पुष्टि हुई है। 'नागरिक समाज' के संयोजक मिनाजुल हक ने आरोप लगाया कि यह हमला बीएनपी नेता और पूर्व सांसद काजी शाह मोफज्जल हुसैन कैकोबाद के समर्थकों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। उन्होंने कहा, "जैसे ही हमने रैली निकाली, बीएनपी के लोगों ने हम पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए और हमें दौड़ा-दौड़ाकर मारा। हमारे लगभग 50 समर्थक घायल हो गए।

## सिडनी में लीजनियर्स रोग का प्रकोप, एक की मौत, छह भर्ती

**सिडनी।** साउथ ईस्टर्न सिडनी लोकल हेल्थ डिस्ट्रिक्ट (एसईएसएलएचडी) ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि सिडनी के इनर-सिटी इलाके में लीजनियर्स बीमारी के प्रकोप के बीच एक व्यक्ति की मौत हो गई है और छह अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मई से अब तक पॉट्स पॉइंट नामक समृद्ध क्षेत्र के सात लोगों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। यह इलाका सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मामलों में एक 80 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति शामिल है, जो जून के अंत में बीमार हुआ और उसकी मृत्यु हो चुकी है। बाकी छह मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिनमें से पांच को छुट्टी दे दी गई है और एक मरीज अभी अस्पताल में भर्ती है।

## 'बलूचिस्तान बिकाऊ नहीं', मीर यार बलूच ने ट्रंप को चेताया



**क्वेटा (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान में विशाल तेल भंडार बनाने में मदद करने की घोषणा की, जिसके बाद बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलूच ने ट्रंप को पत्र लिखकर चेताया है। मीर यार बलूच ने कहा कि इस्लामाबाद के सैन्य नेतृत्व ने अमेरिका को पाकिस्तान के संसाधनों के "वास्तविक भूगोल और स्वामित्व" को लेकर गुमराह किया है।


झारखण्ड सरकार | झारखण्ड वन

# 76वां राज्यव्यापी वन महोत्सव 2025

**वनों की जब रखवाली होगी
तभी पृथ्वी पर हरियाली होगी**

अध्यक्ष
**श्री रबीन्द्र नाथ महतो**
माननीय अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग

तथा झारखण्ड विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा।

दिनांक : 1 अगस्त, 2025
स्थल : नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर, जगन्नाथपुर, रांची

### संदेश

**समस्त झारखण्डवासियों को 76 वां वन महोत्सव, 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामानाएँ।**

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाईऑक्साईड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक बना रहे।

झारखण्ड राज्य देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है, जिनके भौगोलिक क्षेत्रफल का 34.38 प्रतिशत भू-भाग, राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के अनुरूप वन एवं वृक्षावरण से आच्छादित है।

अब, हमारे लिए अपने राज्य की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

**जोहार !**
(हेमन्त सोरेन)



वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 358668 (Forest, Environment and Climate Changes) 2025-26